दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 19 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-239 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान जब संयुक्त राष्ट्र में भारत के साथ जुबानी जंग में हार गया तो अब एटम बम की गीदड़ भभकी देने पर उतर आया है। पहले पाकिस्तानी मंत्री बिलावल भूट्टो ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला और जब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया तो बिलावल बिलबिला उठा। इसके बाद एक और पाकिस्तानी मंत्री शाजिया मर्री को ऐसी मिर्ची लगी की वो खिसियानी बिल्ली की तरह खम्बा नोचते हुए गुर्रा उठी और उसने भारत को परमाणु बम की धमकी दे डाली। इसी को कहते है घर में नहीं दाने खाने को और अम्मा चली है भुनाने को।

//-- सुविचार --//

चुनौतिया ही जिंदगी को रोमांचक बनाती है और इसी से आपके ज़िन्दगी का महत्त्व निर्माण होता है।

सूर्योदय

उदय : 7:08 प्रात:

अस्त : 5:27 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,006,084,743

भारत : 1,414,112,352

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 54,640 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 6.06 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.9	14.5
बिलासपुर	28.4	13.2
जगदलपुर	29.6	12.6
अंबिकापुर	21.4	07.2

आज का दिवस

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

भारत में जातीय अल्पसंख्यकों के लिए स्वतंत्रता के अधिकार और समान अवसरों को बनाए रखने और अल्पसंख्यकों के सम्मान और सम्मान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। बुनियादी मानवाधिकारों को लेकर ब्रिटिश शासन के बाद से भारत को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा है। हालाँकि, स्वतंत्रता के बाद इन अधिकारों की रक्षा की गई और लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाता रहा है। इस प्रकार हम हर साल 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाते हैं।

राज्य के लिए अच्छी खबर : इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दिखा वन भैसों का झुंड

नहाते नजर आए छग के राजकीय पशु

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसा के अस्तित्व को बचाने के लिए 2005 से कवायद जारी है। अभी इनके अस्तित्व का संकट खत्म नहीं हुआ है। हालांकि इस बीच छत्तीसगढ़ सरकार के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, प्रदेश के बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 6 वन भैसों का झुंड हाल ही में देखा गया है। वन भैंसा नदी में नहाते नजर आए हैं। बता दें कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैसा के जनसंख्या वृद्धि, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उप निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व धम्मशील गणविर ने बताया कि वन भैसों के संरक्षण के लिए पेट्रोलिंग गार्ड व ग्रामीणों के साथ मिलकर निगरानी किया जा रहा है ताकि इनका संरक्षण किया जा सके। इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र की सीमा महाराष्ट्र से लगे होने से वन भैसों का आवागमन दोनों क्षेत्रों में होता है। इसके लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली वन विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है ताकि की साथ मिलकर वन भैंसे के संरक्षण और संवर्धन का कार्य किया जा सके।

दुर्लभ व संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक

भारत में वन भैंसा प्रमुख रूप से असम और छत्तीसगढ़ में पाए जाते हैं। वन भैंसा छत्तीसगढ़ में दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक हैं। 2800 वर्ग किलोमीटर में फैले इंद्रावती टाइगर रिजर्व में वन भैंसों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक रहवास है। जिसके कारण यहां वन भैंसा देखने को मिलते हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसा के जनसंख्या वृद्धि, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के 2 रेंज में दिखे थे टाइगर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में कुल 8 रेंज हैं। टाइगर को ट्रैप करने के लिए इन इलाकों में कैमरे लगाए गए थे। इनमें से दो रेंज में लगाए गए कैमरों में अलग-अलग लोकेशन में कुछ महीनों पहले 5 बाघ की तस्वीर कैद हुई थी। हाल ही के कुछ दिन पहले एक और बाघ मिलने की पुष्टि हुई थी। अब इंद्रावती टाइगर रिजर्व में कुल 6 बाघ होने की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से लोकेशन सार्वजनिक नहीं किया गया था।

'आखिरी छोर नहीं हैं हमारे बॉर्डर एरिया', नॉर्थ ईस्ट से प्रधानमंत्री मोदी ने दी चीन को चेतावनी

■ **विपक्ष पर भी साधा निशाना, बोले- 2014 से पहले फीते काटने वाले पूर्वोत्तर आते आते थे**

मेघालय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मेघालय पहुंचे। यहां उन्होंने कई परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान चीन का बिना नाम लिए चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए नॉर्थ ईस्ट हमारे बॉर्डर एरिया, आखिरी छोर नहीं बल्कि सुरक्षा और समृद्धि का गेटवे हैं। राष्ट्र की सुरक्षा भी यहीं से सुनिश्चित होती है और दूसरे देशों से व्यापार भी यहीं से होती है। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और उनपर सीमावर्ती गांवों को पीछे करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा, ''फुटबॉल में अगर कोई खिलाड़ी खेल भावना से नहीं खेलता तो उसे रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया जाता है। ऐसे ही पिछले 8 वर्षों में हमने नॉर्थ ईस्ट के विकास के रास्ते में अनेक रुकावटों को रेड कार्ड दिखा दिया।'

आठ नींव स्तंभ पर काम करना चाहिए

क्षेत्र के आठ राज्यों को 'अष्ट लक्ष्मी' बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को पूर्वोत्तर के विकास के लिए आठ नींव स्तंभ पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये आठ 'नींव स्तंभ' शांति, ऊर्जा, पर्यटन, 5जी कनेक्टिविटी, संस्कृति, प्राकृतिक खेती, खेल और सामर्थ्य है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ''पूर्वोत्तर, दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है और यह पूरे क्षेत्र के विकास का केंद्र बन सकता है। क्षेत्र की इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए भारत-म्यांमा-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग और अगरतला-अखौरा रेल जैसी परियोजनाओं पर काम हो रहा है।

कनेक्टिविटी से विकसित भारत का इरादा है

पीएम मोदी ने कहा कि खेलों को लेकर हमारी सरकार नई नीति लेकर आई है। हमारी प्राथमिकताओं, संकल्पों और कार्य संस्कृति में बदलाव आया है। कनेक्टिविटी से विकसित भारत का इरादा है। सबके प्रयास से भारत के विकास का हमारा संकल्प है। प्राथमिकता अभाव को दूर करने की है। दूरियों को कम करने की है। युवाओं को अधिक अवसर देने की है। पीएम ने कहा कि 2014 से पहले फीते काटने वाले पूर्वोत्तर आते आते थे।

त्रिपुरा के अगरतला में किया रोड शो

पीएम मोदी रविवार को मेघायल दौरे के बाद त्रिपुरा के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने अगरतला में रोड शो भी किया। पीएम मोदी त्रिपुरा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और एक रैली को भी संबोधित किया। हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस एन आर्य, मुख्यमंत्री माणिक साहा, उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। हवाई अड्डे से रैली स्थल की तरफकी सड़क के दोनों ओर स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री त्रिपुरा में 4,350 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के अलावा मेघालय में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था।

रूस ने तैनात की दुनिया की सबसे खतरनाक मिसाइल

■ **30 मिनट में तबाह कर देगी धरती का कोई भी कोना**

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्रालय ने अंतरमहाद्वीपीय हाइपरसोनिक एवनगार्ड मिसाइल सिस्टम को ओरेनबर्ग रीजन में तैनात कर दिया है. रूस का दावा है कि यह मिसाइल अगर छोड़ी गई तो दुनिया के किसी भी कोने में 30 मिनट में टारगेट पर हमला कर सकती है. इसकी स्पीड आवाज की गति से 27 गुना ज्यादा है. यानी 33076 किलोमीटर प्रतिघंटा है. एवनगार्ड मिसाइल का वजन करीब 2000 किलोग्राम है. अगर तापमान 20 डिग्री सेल्सियस है और हवा में नमी नहीं है, तो यह एवनगार्ड मिसाइल करीब 10 किलोमीटर की दूरी एक सेकेंड में पार कर सकती है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस मिसाइल की तैनाती के साथ ही उनके स्ट्रैटेजिक मिसाइल फोर्स की ताकत बढ़ गई है. रूसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑस्ट्रेलिया की जीत से चमकी भारत की किस्मत

■ **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़ में दूसरे नंबर पर पहुंचा**

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले को हराकर जहां चौथे से तीसरे पायदान पर पहुंचकर बड़ी छलांग लगाई थी। वहीं, आस्ट्रेलिया ने गाबा टेस्ट में साउथ अफ्रीका को हराकर भारत को दूसरे पायदान पर आने तोहफा दिया है। अब टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में एक ही दिन में दो स्थानों की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बता दें कि टीम इंडिया ने पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 188 रनों के बड़े अंतर से हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में अंक अर्जित किए हैं तो दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से हारकर अपने अंक कम कर लिए हैं। वह अब भारत के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप ताजा प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान से छलांग लगाकर दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। भारत-बांग्लादेश के बीच खेले गए इस टेस्ट मुकाबले से पहले श्रीलंकाई टीम तीसरे स्थान पर थी तो दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे स्थान पर थी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ताजा अंक तालिका के अनुसार अब भारतीय टीम ने 13 मैच में से 7 जीतकर 87 अंक जोड़े हैं।

भारतवंशी लियो वराडकर आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री बने

■ **पीएम मोदी ने बधाई दी, कहा- साथ मिलकर नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे**



नई दिल्ली। भारतवंशी लियो वराडकर यूरोपीय देश आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। भारत के मुंबई में रहने वाले उनके पिता अशोक 1973 में आयरलैंड शिफ्ट हो गए थे। दूसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के मौके पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा- लियो वराडकर को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। आयरलैंड के साथ ऐतिहासिक संबंधों, साझा संवैधानिक मूल्यों और बहुआयामी सहयोग को मैं बहुत महत्व देता हूं। दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। 43 साल के लियो आयरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। ये उनका दूसरा कार्यकाल है।

2015 में किया था गे होने का ऐलान

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था। 2013 में आयरलैंड ने एक जनमतसंग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में सेम सेक्स (समलैंगिक) शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात पब्लिक की। उस वक्त वो हेल्थ मिनिस्टर थे। उन्होंने छात्र जीवन से ही राजनीति में कदम बढ़ा दिए थे। साल 2007 में वो डबलिन वेस्ट से फाइन गेल के टिकट पर चुनाव जीते और काउंसलर बने। उस वक्त वो केवल 24 साल के थे।

मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो 'चर्चा से भाग रहे' हैं और वह 'चीन' शब्द तक नहीं बोलते : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह भारत-चीन सीमा पर स्थिति के बारे में संसद में 'चर्चा करने से भाग रहे' हैं। विपक्षी दल ने कहा कि रक्षा मंत्री को नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ''चीन'' शब्द नहीं बोलते हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने यह भी सवाल किया कि क्या सरकार उस देश (चीन) के साथ अपने 'नजदीकी संबंधों' के कारण खामोश है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के कुछ दिनों बाद सरकार पर यह प्रहार किया गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत सुबह की पदयात्रा के बाद यहां पत्रकार वार्ता में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1988 में चीन गये थे, जब हम सीमाओं पर मजबूत स्थिति में थे तथा इस दौरे के बाद द्विपक्षीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संसद में होनी चाहिए बहस

उन्होंने कहा कि संसद में इस (सीमा) मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर जवाब देने के साथ विपक्ष के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। रमेश ने कहा, ''लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए और इसमें प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए, ना कि रक्षा मंत्री, या विदेश मंत्री को। कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने संसद में जवाब दिया है। वह (मोदी) पहले प्रधानमंत्री हैं जो 'चर्चा से भाग रहे' हैं और वह 'चीन' शब्द तक नहीं बोलते।'' रमेश ने 'चीन पर चुप्पी तोड़ो, भारत जोड़ो' का नारा लगाया।

एक्टर आशीष विद्यार्थी पहुंचे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। बॉलीवुड एक्टर आशीष विद्यार्थी रायपुर पहुंचे। रविवार को उन्होंने यहां रायपुर का स्वाद भी चखा। स्ट्रीट फूड से लेकर मशहूर रेस्टोरेंट्स में मिलने वाले व्यंजनों को चखते हुए आशीष विद्यार्थी ने फूड ब्लॉग वीडियो बनाए। इससे पहले शनिवार की रात नवा रायपुर में आशीष विद्यार्थी ने सेंध लेक के किनारे आमलेट खाया इसका भी फूड ब्लॉग वीडियो बनाया। दिलचस्प अंदाज में बातें करते हुए एक्टर आशीष विद्यार्थी ने ठेले वाले के साथ खूब हंसी मजाक किया। रविवार की सुबह अपने कुछ स्थानीय फूड ब्लॉगर साथियों के साथ आशीष विद्यार्थी एमजी रोड के मार्केट का लुत्फ लेते दिखे। दुकानों और स्ट्रीट फूड का वीडियो बनाते रहे अपने गोप्रो कैमरे के साथ आशीष विद्यार्थी मंजू ममता रेस्टोरेंट भी पहुंचे और यहां छोले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग से जुड़ी है दिलचस्प कहानी

आशीष असल जिंदगी में एक बार मरते-मरते बचे थे। बात अक्टूबर 2014 की है। दुर्ग (छत्तीसगढ़) के महमरा एनीकट पर 'बॉलीवुड डायरी' की शूटिंग के दौरान आशीष विद्यार्थी डूबते-डूबते बचे थे। शूटिंग के लिए आशीष को पानी में उतरना था, लेकिन वो ज्यादा गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों को लगा कि यह फिल्म का ही कोई सीन है, इसलिए कोई मदद के लिए नहीं दौड़ा। तब वहीं ड्यूटी पर तैनात विकास सिंह नाम के पुलिसकर्मी ने उनकी जान बचाई थी।

गरमा-गरम

पत्रकारवार्ता... **चार साल के काम से 2023 पर निशाना, अगले चुनाव में भी किसान-मजदूर रहेगा केंद्र में**

चार सालों में एक नई कहावत बनी है : भूपेश है तो भरोसा है : चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने शनिवार को चार साल पूरे कर लिये। इन चार सालों के दौरान बनी योजनाओं और कार्यक्रमों के सहारे कांग्रेस 2023 का चुनाव साधने की कोशिश में जुट रही है। रविवार को कृषि, जल संसाधन, ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने सरकार की उपलब्धियों पर बात रखी। रविंद्र चौबे ने कहा, यह चार साल अविश्वसनीय विश्वसनीयता के रहे हैं। इस दौरान किसान-मजदूर, गरीब सरकार की चिंता के केंद्र में रहे हैं। अगले चुनाव में भी इन्हीं को केंद्रित कर पार्टी जनता के बीच जाएगी। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा, इन चार सालों में एक नई कहावत बनी है - भूपेश है तो भरोसा है। यानी लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बात को लक्ष्मणरेखा मानने लगे हैं। अगर भूपेश ने यह कहा है तो होकर रहेगा। इन चार सालों में केंद्र और राज्य सरकार के बावजूद टकराव रहा है। इसके बावजूद नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उनकी योजनाओं और कार्यक्रमों की सार्वजनिक प्रशंसा की है। दूसरे प्रदेशों को इन्हें अपने यहां लागू करने का सुझाव दिया है। यह इन चार सालों की विश्वसनीयता का सबसे बड़ा प्रमाण है। भाजपा के नेता यहां राज्य सरकार की जिन योजनाओं की आलोचना करते नहीं थकते उन योजनाओं को केंद्र सरकार ने प्रशंसित और पुरस्कृत किया है। सरकार ने अपनी योजनाओं से किसानों, मजदूरों, लघु वनोपज संग्राहकों आदि के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश की नक्सलगढ़ वाली पहचान बदली है

कृषि मंत्री ने कहा, जब वे नेता प्रतिपक्ष हुआ करते थे तो विधानसभा में बात की शुरुआत ही बस्तर के हालात से होती थी। हम लोग कहते थे कि वहां सरकार हाइवे के दो किमी के दायरे में ही सीमित है। उसके भीतर लाल आतंक का राज है। बाहर के लोगों को लगता था कि रायपुर एयरपोर्ट पर उतरते ही उनको नक्सली घेर लेंगे। कांग्रेस ने चार सालों में यह तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लाल आतंक को सोशियो-इकोनॉमिक प्राब्लम मानकर वहां विकास के रास्ते खोले। रोजगार के अवसर बढ़ाए। इसका परिणाम यह है कि वहां लाल आतंक आज समाप्तप्राय है।

आरक्षण विधेयक में देरी के लिए भाजपा को लपेटा

आरक्षण विधेयक को लागू करने में हो रही देरी के लिए कृषि मंत्री ने भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के इस मामले में बोल देने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं है। मैं केवल इतना कहना चाहूंगा कि राजभवन में विधेयक पर हस्ताक्षर होने में हो रहे विलंब की वजह से बेरोजगारों को मौका नहीं मिल पा रहा है। भाजपा राजभवन को किस तरह से राजनीतिक अखाड़ा बना रही है, यह जनता देख रही है। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ की सरकार ने जो वादे किये उसे समय पर पूरा किया है। इसका फायदा दूसरे राज्यों में कांग्रेस को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने पांच महीनों तक काम किया। वहां कांग्रेस के घोषणापत्र में छत्तीसगढ़ जैसी पांच योजनाओं को शामिल किया गया था। जनता के सामने उदाहरण था कि कांग्रेस ने यह छत्तीसगढ़ में करके दिखाया है। उन्होंने उन घोषणाओं पर भरोसा किया और वहां 40 सीटों पर जीत दिलाई।

संपादकीय

पाकिस्तान की गीदड़ भभकी

पड़ोसी देश पाकिस्तान जो खुद इन दिनों बदहाली का शिकार है वह एक बार फिर भारत के साथ युद्ध करने की गीदड़ भभकी दे रहा है। पाकिस्तान के हुकमरानों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। जब भी उनके देश में हालात बिगड़ने लगते है तब वे अपने आवाम का ध्यान भटकाने के लिए भारत के साथ जंग का हवा खड़ा करते रहे है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने एक बार फिर घीसा पीटा कश्मीर राग अलापा और भारत के खिलाफ ना सिर्फ जहर उगला बल्कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्ती जनक टिप्पणी भी कर दी। जिसका भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के नापाक इरादों की विश्व मंच पर बखिया उधेड़ कर रख दी। इससे बिलावल भुट्टो की बोलती तो बंद हो गई लेकिन पाकिस्तान की ही एक और मंत्री साजिया मर्री ने बिलावल भुट्टो के बयान का समर्थन करते हुए भारत को परमाणु बम की गीदड़ भभकी दे डाली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है और हम जरूरत पड़ने पर भारत के खिलाफ परमाणु बम का उपयोग कर सकते है। साजिया मर्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत से उतनी दिक्कत नहीं जितनी वहां की मोदी सरकार से है। उनका कहना है कि पाकिस्तान एक गाल पर थप्पड़ खाकर अपना दूसरा गाल थप्पड़ खाने के लिए आगे नहीं बढ़ाएगा बल्कि थप्पड़ का जवाब थप्पड़ से देगा। इसे कहते है ये मुंह और मसूर की दाल। पाकिस्तान गृह युद्ध की कगार पर पहुंच रहा है वहां की सरकार की नाकामी के चलते महंगाई अपनी चरम सीमा के पार पहुंच गई है। पाकिस्तानी जनता का जीना मुहाल हो गया है। उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तहस नहस हो चुकी है। पाकिस्तानी के प्रधानमंत्री सहबाज शरीफ भीख का कटोरा लेकर सारी दुनिया में भीख मांगते घुम रहे है और पाकिस्तानी हुकमरान भारत को युद्ध की धमकी दे रहे है। इसके पहले भी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाब शरीफ और इमरान खान भी भारत को ऐसी गीदड़ भभकीयां दे चुके है और भारत ने उन्हें इसका करारा जवाब भी दिया था। पाकिस्तान की मजाल नहीं हो सकती कि वह भारत के खिलाफ एक और जंग लड़ने की बात सपने में भी सोच सके। वह भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध ही लड़ सकता है अभी भी लड़ रहा है जिसका भारतीय सेना ईट का जवाब पत्थर से दे रही है। आज की तारिख में भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बन चुका है जबकि पाकिस्तान अलग-थलग पड़ चुका है। उसकी स्थिति इस कदर खराब हो चुकी है इसका इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि जिस अफगानिस्तान में उसने तालिबान को बढ़ावा दिया और उसकी सरकार बनाने में मदद की वहीं तालिबान पाकिस्तान को आंख दिखा रहा है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान क्या खाकर भारत के साथ जंग लड़ेगा? यदि उसने ऐसी गुस्ताखी की तो इसका उसे गंभीर दुष्परिणाम भूगतना पड़ेगा हो सकता है कि दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नामो निशान ही मिट जाए।

चीन और पाकिस्तान वैश्विक नकेल की जरूरत

प्रेम शर्मा

इसके अतिरिक्त भारत को तिब्बत और ताइवान के मसले पर भी मुखर होना होगा। इस सबके साथ ही यह भी आवश्यक है कि चीन के मामले में देश का राजनीतिक नेतृत्व एक सुर से बोलना सीखे। यह देखना दुखद है कि जब राजनीतिक नेतृत्व को एकजुट होने के साथ ऐसा दिखना भी चाहिए, तब वह सरकार को घेरने में लगा हुआ है। कांग्रेस सरकार पर कुछ ज्यादा ही हमलावर है। कभी-कभी ऐसा लगता है कि उसके इस हमलावर रवैये का कारण यह है कि चीन के संदर्भ में उसकी अपनी रीति-नीति को लेकर सवाल न उठने पाएं।इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी भारत सरकार को सूचित किए बिना चीनी राजदूत से मुलाकात कर आए थे। यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता करने की क्या जरूरत थी ? कुल मिलाकर राष्ट्रहित को देखते हुए चीन और पाकिस्तान के प्रति आस्था दिखाना देश द्रोह से कम नही है।

चीन और पाकिस्तान केवल भारत देश के लिए नही बल्कि वैश्विक स्तर पर खतरा बन चुके है। एक तरफ जहॉ चीन की विस्तारवादी नीति ने उसे हिंसक बना दिया है वही पाकिस्तान की आतंक परस्त नीति के कारण वह दूसरों की दया पर निर्भर कंगाली के दौर से गुजर रहा है। एक गूरू की भूमिका निभा रहा है तो दूसरा चेलागिरी कर रहा है। ये दोनों ही देश वैश्विक स्तर पर बेपर्दा हो चुके है। चीन भारतीय सीमा पर लगातार विस्तार की नीति अपना रहा है। पहले डोकलाभ, गलवान और अब तंवाग के ताजा घटना क्रम में भारतीय सेना से मूंह की खाने के बाद उसके चेले पाकिस्तान की तरफ से भारतीय प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी इस बॉत का प्रमाण है कि चीन और पाकिस्तान एक सिक्के के दो पहलू है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर लगाम लगाने के लिए विश्व के समस्त देशों को एक मच पर आकर चीन और पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान की हिमालय से ऊंची और अरब सागर से गहरी दोस्ती के उदाहरण तो आपने बहुत सुन रखे होंगे मगर चीन के दुनिया पर बढ़ते प्रभाव के बारे में जारी सूची चाइना इंडेक्स 2022 में पाकिस्तान दुनिया के उन देशों में सबसे ऊपर है। जहाँ चीन का प्रभाव सबसे अधिक है। समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है। पाकिस्तान तब तक सही राह पर नहीं आने वाला जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। अमेरिका के एक सरकारी दस्तावेज ने पाकिस्तान और चीन की धड़कनों को बढ़ाने का काम किया है। हालांकि, दोनों की वजह अलग है लेकिन परेशानी दोनों के लिए ही है। दरअसल, अमेरिका ने कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2022 रिपोर्ट को जारी किया था। इस अहम दस्तावेज में चीन को अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इस दस्ष्तावेज ने जहां अमेरिका-चीन के रिश्ष्तों की खाई को बढ़ाने का काम किया है वहीं उसकी चिंता भी बढ़ा दी है। इस दस्तावेज में पाकिस्तान का कहीं कोई नाम नहीं है। उसकी सबसे बड़ी समस्या और चिंता यही है। दरअसल, पिछले कुछ माह में जिस

तरह से दोनों के बीच संबंधों में गरमाहट आई थी, उसको देखते हुए कहा जा रहा था कि दोनों के बीच हालात फिर सामान्य होने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं।

पाकिस्तान ने भी इन पर काफी बढ़चढ़कर बयान दिए थे। पाकिस्तान ने यहां तक कहा था कि वो अमेरिका का करीबी और अहम सहयोगी है। लेकिन, ताजा दस्तावेज ने इसकी पोल खोल दी है। पाकिस्तान को इस दस्ष्तावेज में कहीं कोई सहयोगी करार नहीं दिया गया है। पाकिस्तान के लिए ये उसकी उम्मीदों पर पानी फिरने जैसा ही है। इस दस्तावेज से पाकिस्तान को लेकर जो संकेत आ रहे हैं वो कुछ वैसे ही हैं जो इस वर्ष की शुरुआत में थे। ज्ञात हो कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई और फिर एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने पाकिस्तान को न केवल आतंकवाद का केंद्र बताया, बल्कि आतंकियों को अभी भी पालने-पोसने वाला देश साबित किया। उनकी तथ्यात्मक और तीखी बातों से पाकिस्तान किस तरह बौखलाया, इसे उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई स्तरहीन टिप्पणियों से चलता है। बिलावल भुट्टो ने अपनी अवांछित टिप्पणियों से यही साबित किया कि उन्हें कूटनीतिक शिष्टाचार की बुनियादी समझ भी नहीं। उन्होंने अपने साथ पाकिस्तान के छिछले स्तर को ही प्रमाणित किया।किसी भी देश के विदेश मंत्री से ऐसी गिरी हुई हरकत की उम्मीद नहीं की जाती, लेकिन पाकिस्तान के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। वास्तव में बिलावल भुट्टो ने कूटनीतिक क्षुद्रता के मामले में अपने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को ही मात देने की कोशिश की और वह भी उस समय जब विश्व बांग्लादेश की स्वतंत्रता का स्मरण कर रहा था। जुल्फिकार अली भुट्टो का नाती होने के नाते बिलावल भुट्टो को यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि पाकिस्तानी सेना ने तब के पूर्वी पाकिस्तान और आज के बांग्लादेश में कैसे भीषण अत्याचार किए थे। वह इससे भी अनजान नहीं हो सकते कि संयुक्त राष्ट्र के हिसाब से भी पाकिस्तान दर्जनों आतंकियों की शरणस्थली है। बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बेजा टिप्पणियां करने के साथ ही जिस तरह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में सुधार की कहीं कोई गुंजाइश नहीं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत की उसमें कहीं कोई दिलचस्पी नहीं। होनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि वह अपने ही कर्मों से समस्याओं के गहरे दलदल में धंसता जा रहा है। पाकिस्तान भले ही एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया हो, लेकिन दुनिया उसे आतंकवाद के केंद्र के रूप में ही देखती है और इसी कारण कोई देश उसके इस प्रलाप को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इससे संतुष्ट नहीं हो सकता कि उसे पाकिस्तान को एक बार फिर विश्व मंच पर बेनकाब करने का अवसर मिला, क्योंकि दुनिया के अन्य प्रमुख देश उसकी हरकतों पर उसे आड़े हाथ लेने के लिए उस तरह आगे नहीं आ रहे हैं, जैसा अपेक्षित है। स्पष्ट है कि समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है? ध्यान रहे कि वह तब तक सही राह पर नहीं आने वाला, जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। अब बात करे चीन के बारे में तो चीन को सही सबक सिखाने के लिए उस पर आर्थिक निर्भरता कम करना जरूरी है।बेलगाम चीन को सही संदेश देने के लिए भारत को उन देशों से संपर्क-संवाद बढ़ाकर आर्थिक एवं सैन्य सहयोग कायम करने के लिए भी सक्रिय होना चाहिए जो उसकी दादागीरी से पीड़ित हैं। इसके अतिरिक्त भारत को तिब्बत और ताइवान के मसले पर भी मुखर होना होगा।अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना की आक्रामक हरकत ने दो वर्ष पहले लद्दाख के गलवन में हुई खूनी झड़प की याद दिलाने के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया कि चीन अपनी शुत्रतापूर्ण गतिविधियों से बाज आने वाला नहीं है। तवांग की घटना ने यह भी साफकर दिया कि चीनी सेना आगे भी भारतीय सीमा में अतिक्रमण करने की कोशिश कर सकती है।

कविता

मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं

पद दम पर हरेगुलाबी निकालने दिमाग लड़ाता हूं
जप्त मदिरा ड्रमों में पानी भरवा देता हूं
मानवीय जीवन की वैल्यू नहीं करता हूं
मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं

शासकीय पॉमऑयल जब्तीकर ऑफिस लाता हूं
सेटिंग कर चुपके से हरे गुलाबी लेता हूं
नहीं माना तो कार्रवाई कर केस बनाता हूं
मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं

अनेक अवैध मालों को जब जब्ती बनाता हूं
सेटिंग कर अंदर खाने बेच देता हूं
रिकॉर्ड में नॉमिनल जब्ती दिखाता हूं
मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं

प्लास्टिक बंदी से डिस्पोजल झिल्ली पकड़ता हूं
रिकॉर्ड में जब्ती बहुत कम दिखाता हूं
हरे गुलाबी लेकर बाकी छोड़ देता हूं
मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं

पूरी हेराफेरी ऐसे ही नहीं करता हूं
मिलीभगत का पक्का भरोसा पाता हूं
हिस्सेदारी बराबर ऊपर तक पहुंचाता हूं
मिलीभगत से जप्त माल को बदल देता हूं।

लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार कानूनी लेखक चिंतक कवि एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

आज भी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं अरबों लोग

योगेश कुमार गोयल

भारत में सितम्बर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों का संरक्षण व उनको प्रोत्साहन देना ही था। आयोग के गठन के कुछ ही समय बाद आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश की सभी जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोग मानता है कि जो लोग सर्वाधिक दुर्बल हैं, उनके रक्षण का आयोग पर एक विशेष और अपरिहार्य दायित्व है लेकिन आयोग अपने गठन के बाद के इन 29 वर्षों में भी अपने दायित्वों को निभाने में कितना सफल रहा है, इसकी पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। विड़म्बना है कि देश की सुरक्षा के नाम पर सुरक्षातंत्र को मजबूत करने व सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए तो हमारी सरकारें विभिन्न माध्यमों से चंद दिनों में ही अरबों रुपये जुटा सकती है लेकिन जब बात आती है राष्ट्र को निर्धनता, कुपोषण और भुखमरी के घोर अभिशाप से मुक्ति दिलाने की तो सारे सरकारी खजाने खाली हो जाते हैं।

मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सर्वप्रथम 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 1948 में सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत (सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक) अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया। वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 74 वर्ष बाद भी दुनियाभर में अरबों लोग संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं। अरबों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से महरूम हैं। एक अरब से भी ज्यादा लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण की वजह से प्रतिदिन हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं।

भारत में करोड़ों बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भट्ठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिकीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं और छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। विश्वभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। मानवाधिकारों की दृष्टि से यदि हम इसका विवेचन करें तो क्या ये सभी उचित स्तर पर जीवन यापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवाधिकार आयोगों का दायित्व नहीं है कि वे इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाएं? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? ऐसे में क्या 'मानवाधिकार' शब्द महज एक जुमला प्रतीत नहीं होता है?

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्येक राष्ट्र में मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन आज भी जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगता है।

दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' व 'ह्यूमन राइट वाच' का खासतौर से उल्लेख किया जा सकता है, जो दुनियाभर की स्थिति पर नजर रखते हैं और प्रतिवर्ष इस पर अपनी रिपोर्ट देते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शायी जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ समय से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जाता। इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं।

भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस तथा सेना के जवानों की हर छोटी-बड़ी कार्रवाई तो नजर आती थी लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरूद्ध इनकी जुबान पर सदैव लगाम कसी रही। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ए.एस. आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा था कि ये संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। वास्तविकता भी यही है कि यदि कोई आतंकवादी अथवा शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिकारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन यदि यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अतः यदि कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्या हालत बना रखी है अपने

क्या हालत बना रखी है अपने तन मन की केयर करो। अगर कोई गम है तो हमसे सेयर करो। आपको पसंद नहीं है तो नहीं करेंगे। हम को पसंद है आप हमारे जीवन में इन्टरफेयर करो।।

राजकुमार शर्मा

रंगों का भी धर्म होता है, यदि रंग का

रंगों का भी धर्म होता है, यदि रंग का धर्म नही होता तो मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, बौद्ध मंदिर आदि पर फहराने वाले धर्म ध्वजा फिक्स नहीं होते। इनके रंग बदलते रहते। इस लिये हर रंग के रंगबाज समय समय पर रंगबाजी दिखाते रहते है।

एड. अरूण कुमार गुप्ता

खास पाती

कुछ खाते हैं बैठे-ठाले

कुछ खाते हैं बैठे-ठाले, देखे एक ज़माने से कुछ को खाने के हैं लाले, देखे एक ज़माने से। धूल भरे हैं आँगन छज्जा, चटकी छत दीवारें हैं खाली घर मकड़ी के जाले, देखे एक ज़माने से। खून पसीना रोज़ बहाकर बंजर धरती सीचें जो हलधर के हाथों में छाले, देखे एक ज़माने से । सांसद बन कुर्सी से चिपके, नेता सब दीमक जैसे खद्दर धारी दिल के काले, देखे एक ज़माने से । घर की मुर्गी दाल बराबर, बाहर करते मौज-मजा छलकाते मदिरा के प्याले, देखे एक ज़माने से। सर्दी गर्मी बारिश हो या ईद दिवाली क्रिसमस हो सरहद पर लड़ते दिल वाले देखे एक ज़माने से। बागों में आते-जाते हैं, छेड़ें कच्ची कलियों को, फूलों पर भँवरे मतवाले, देखे एक ज़माने से। **अंशु विनोद गुप्ता**

कुछ लोग इतने डबल स्टैंडर्ड

कुछ लोग इतने डबल स्टैंडर्ड हैं कि अपनी प्रेमिका पर नज़्म और पत्नी पर लतीफे लिखते हैं। उसका उपहास करते हुए याद रखिए, उसे हँसी का पात्र (पत्नी) आपने बनाया है, वरना वो आज भी किसी की नज़्म में प्रेमिका बन कर महकने की हैसियत रखती है। **रश्मी सुमन**

उसे लुटाकर लूटना बखूबी

उसे लुटाकर लूटना बखूबी आता था। एक दिन वह सब कुछ जो उसने लुटाया समेट लूट कर चल दिया मुझे सिर्फ मिटना ही मालूम था सो उस की इस अदा पर भी मैं मिट गई।

प्रियंवदा अवस्थी

रोटी पर तर्क हुआ रोटी

रोटी पर तर्क हुआ रोटी पर वितर्क हुआ रोटी पर हुए अधिवेशन भी रोटी पर पारित हुए प्रस्ताव रोटी पर बना बजट रोटी सिकी भी खूब खूब मगर उफ़्फ़ भूख ने मात दे ही दी उसे और वह ठंडी होकर, कड़ी हो गयी। **शुचि 'भवि'**

नबीन परिधान धारि सुंन्दर

नबीन परिधान धारि सुंन्दर सुकुमारि कर रही नृत्य को अभ्यास है। ऊंचे उडान भरने को आतुर दिखे मन में लिए असीम उल्लास है। आलम यौवन का उन्माद भरा संघर्ष कर रही अथक प्रयास है मानो चू रहे श्रम सीकर बिन्दू ज्यों कर रहे तन मन जैसे ह्रास है। जाने को उतुंग शिखर पर आतुर कसौटी पे ज्यों खरा समाज है भाव भंगिमा भूषित तन राखौ लाज आज हे मेरी नटराज है। **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

भीगा भीगा दामन था, उसके

भीगा भीगा दामन था, उसके अंदर सावन था। दूर से जब देखा उनको, खूब सुलगता तन मन था। कद काठी थी मजबूत मगर, चेहरा उसका पावन था। उसको कांधे न मिले भले, उसके पास बहुत धन था। वह शाह बहुत जुल्मी था, मन से वह भी रावण था। **डॉ संजय दानी**

नीचे कम्बल, ऊपर कम्बल

नीचे कम्बल, ऊपर कम्बल, हीटर चालू फिर सोता है मगर ठिठुरती सर्दी में, ऐसा भी इक मंजर होता है सड़क किनारे ओढ़े चादर कोई बैठे ही सोता है ठिठुरन बढ़ जाती है तो अपनी किस्मत पर ही रोता है। कोई कहे कर्मों के कारण प्राणी को साधन मिलता है कर्म सभी के होते न्यारे, इसी बात का दुःख होता है। दुनियाँ इक कुटुम्ब की मानिंद, भेदभाव फिर भी होता है देनेवाला भी तो दाता, आँख मूंदकर क्यूँ सोता है। बनें सहायक इक-दूजे के, रक्खें सब जीवों का ख्याल जीवन तो जीना है सबको,दुख और सुख सबको होता है। **जेडी कुदाल**

QUIZ TIME

1) बलराम योजना क्या है? यह योजना किस राज्य में चल रही है?

2) भारत-स्वीडन दिवस 2022 के 9वें संस्करण का आयोजन किस शहर में किया गया?

3) राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?

4) किस देश ने दुनिया का पहला ओरल कोविड वैक्सीन लॉन्च किया है?

5) नेपाली भाषा में लिखी महाकाव्य 'उषा अनिरुद्ध' के लेखक कौन है जिन्हें 2021 का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया?



उत्तरमाला- (1) भूमिहीन किसानों को कृषि लोन देने हेतु और ओडिशा में (2) स्टॉकहोम (3) 22 दिसम्बर (4) चीन (5) छविलाल उपाध्याय

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 19 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1154- किंग हेनरी द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने। 1842- अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी। 1860- 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे लार्ड डलहौजी का निधन। 1899 - मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग सीनियर का जन्मदिन। 1919- अमेरिका में मौसम विज्ञान सोसायटी की स्थापना हुई। 1927- उत्तर प्रदेश ऑटोमोबाइल संघ की स्थापना हुई। 1927- महान स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दे दी। 1934 -भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का जन्म। 1941- जर्मन तानाशाह एडोल्फहिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली। 1961- गोवा को पुर्तगाल की गुलामी से आजादी मिली। 1969- पूर्व क्रिकेटर नयन मोंगिया का जन्मदिन। 1974- ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी एवं कप्तान रिकी पोंटिंग? का जन्म। 1983 - ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरियो से फुटबॉल के फीफा विश्व कप की चोरी हो गई। 1984- ब्रिटेन और चीन के बीच ब्रितानी उपनिवेश हांगकांग 1997 में चीन को सौंपने पर समझौता। 1984- भोपाल गैस त्रासदी में 2500 लोगों की मौत। 2003- लीबिया ने रासायनिक हथियारों को खत्म करने की घोषणा की। 2003 - संयुक्त राज्य अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।

न्यूज गैलरी

स्कूटी सवार को मारी टक्कर गिरते ही पर्स लेकर भागे

बिलासपुर/नवप्रदेश। काम से लौट रहे निजी संस्थान के कर्मचारी की स्कूटी ब्रेकर पर धीमी हुई। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे गिरे स्कूटी सवार से युवकों ने मारपीट कर पर्स लूट लिया। पर्स में छह हजार रुपये नकद और एटीए कार्ड थे। भाग रहे लुटेरों की कर्मचारी ने मोबाइल से तस्वीर खींच ली। नंबर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मंगला के दीनदयाल कालोनी में रहने वाले मुकेश साहू निजी संस्थान में काम करते हैं। शुक्रवार की रात 12 काम खत्म कर वे अपने घर जा रहे थे। मंगला धुरीपारा तिराहे के पास ब्रेकर में उनकी स्कूटी धीमी हुई। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे वे सड़क पर गिर गए। उनके गिरते ही बाइक सवार युवकों ने कर्मचारी से मारपीट की। इस बीच युवकों ने उनका पर्स छीन लिया। पर्स में छह हजार 500 रुपये, तीन एटीएम कार्ड थे। लूट के बाद युवक भाग रहे थे। इसी बीच कर्मचारी ने अपने मोबाइल से उनकी तस्वीर खींच ली। इसमें बाइक का नंबर स्पष्ट दिख रहा है। इसके आधार पर पुलिस ने मंगला के सुचित्रा विहार में रहने वाले अखिलेंद्र मिश्रा (27) व मंगला के राजाबाड़ा में रहने वाले शिवपुजन पटेल(31) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें आरोपित जवानों को गुमराह कर रहे थे। कड़ाई करने पर युवकों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। युवकों को न्यायालय में पेश करने कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ समय से लूट की घटनाएं बढ़ गई हैं। शहर ही नहीं जिले भर में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस इन पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रही है।

बकायादारों को बिजली कंपनी का झटका, 46 उपभोक्ताओं का काटा कनेक्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली वितरण कंपनी ने बकायादारों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है। कंपनी का साफ कहना है कि बकाया जमा करें या फिर कनेक्शन काट दिया जाएगा। शनिवार को भी तोरवा जोन में ऐसा ही हुआ। कंपनी की टीम ने 46 बकायादारों के घरों का कनेक्शन काट दिया। इनसे कंपनी को 8.47 लाख रुपये वसूल करने हैं। कार्रवाई का ही असर है कि 31 बकायादारों से सात लाख रुपये जमा हुए। बिजली वितरण कंपनी के शहर में दो मंडल हैं। नेहरू नगर और तोरवा। वर्तमान में बकाया वसूली का यह अभियान दोनों जगह चल रहा है। शनिवार को 83 बकायादारों से वसूली करने के लिए तोरवा जोन में पांच दल बनाया गया था। दल बारी-बारी बकायादारों के घर पहुंचा। उनसे बिल जमा करने के लिए कहा गया। इस दौरान 31 उपभोक्ता भुगतान भुगतान करने के लिए राजी हो गए और मौके पर बकाया राशि जमा कर दी। वहीं 46 उपभोक्ता नहीं माने। भुगतान को लेकर कोई संतोषप्रद जवाब भी नहीं दिया। इसलिए इनके खिलाफ सीधे कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। जिस क्षेत्र में कार्रवाई चली, अभी उसके आसपास और भी बकायादार हैं। उनके घरों में जांच टीम औचक दबिश देगी। इस दौरान किसी कोई मोहलत नहीं देने का निर्णय लिया गया है। तोरवा मंडल के कार्यपालन अभियंता पीवीएस राजकुमार ने कहा कि बकायादारों की संख्या अधिक है। इसलिए पूरा फोकस वसूली अभियान पर दिया जा रहा है। जिन बकायादारों के घरों का कनेक्शन काट दिया गया है, उन्हें हिदायत भी दी गई कि वे अवैध ढंग से कनेक्शन को जोड़ने का प्रयास न करें। ऐसा करना उनको और महंगा पड़ सकता है। इस दौरान बिजली अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सरकार के कामों से छत्तीसगढ़ को मिली देश में पहचान : रश्मि

- **खरकेना गोठान में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**
- **वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने दिया संदेश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेत्‌त्व में सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तखतपुर ब्लॉक के खरकेना गोठान में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इसके साथ ही जिले के सभी गोठानों, धान खरीदी केन्द्रों, तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्रों और नगर पंचायत के वार्डों में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पिछले 4 सालों में सरकार की उपलब्धियों की जानकारी संदेश द्वारा दी। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री के निर्णय पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के आयोजन से हम गौरान्वित हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पिछले 4 वर्षो में सरकार ने बहुत काम किया है। आज जनता के लिए गौरव महसूस करने का दिन है। श्रीमती रश्मि सिंह ने तखतपुर में ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक केन्द्र बनाने की घोषणा की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री जितेन्द्र पाण्डेय, जनपद सदस्य श्री योगेश साहू, तखतपुर के पूर्व विधायक श्री जगजीत सिंह मक्कड़, और जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयश्री जैन विशेष रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में सरकार के कामो ने छत्तीसगढ़ को देश में एक अलग पहचान दी है। ऐसा कोई क्षेत्र, समाज और वर्ग नही है जिसके हित में सरकार ने काम न किया हो। छत्तीसगढ़ की लोक परम्पराओं और संस्कृति को सहेजने और लोकप्रिय बनाने में मुख्यमंत्री अहम भूमिका निभा रहें है। जिला पंचायत सदस्य श्री जितेन्द्र पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में 4 सालों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। विकास की नई गाथा लिखी गई है। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान की कीमत अब पूरे देश में सबसे अधिक मिल रही है। सरकार की योजनाओं से आम लोगो को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और लोगो में खुशहाली आई है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयश्री जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने भी संबोधित किया। खरकेना गोठान में ग्रामीणों, गोठान समिति के सदस्यों, महिला स्वसहायता की महिलाओं सहित सभी लोगो को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

वनोपज संग्रहण केन्द्रो में भी मनाया गया गौरव दिवस

छत्तीसगढ़ शासन के गौरवशाली 4 वर्ष पूर्ण होने पर प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कंचनपुर , ठरकपुर, निरतु सहित अन्य वनोपज संग्रहण केन्द्रों में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कंचनपुर के सरपंच श्री उमराज सिंह, मझवानी के सरपंच श्री जनक सिंह, जनपद सदस्य श्री शैलेन्द्र सिंह, श्री दिलेन्द्र कौशिल, अरविंद लहरिया, श्री बजरंग पाटनवार सहित फड़ मुंशी, फड़ अभिरक्षक , स्वसहायता समूह की महिलाएं, तेन्दूपत्ता संग्राहक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम करूपान-बामपारा में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के विशेष सहयोग से ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. रामकुमार साहू ने बजरंगबलीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर को समापन होगा। 15 दिनों तक चलने वाले प्रतियोगिता में अधिक से अधिक क्रिकेट टीम भाग लेने की संभावना है। श्री साहू ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा खेलों को ग्रामीण स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान बनाने हेतु योजना बनाई है। मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई देते हुए खेलों के महत्व को बताया। शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व सरपंच बसंत भारती, उप सरपंच ग्राम पंचायत करूपान जलेश्वर साहू, खिलाड़ीगण पवन साहू, महाजन साहू, संतोष साहू, कार्तिक साहू, कृष्ण कुमार साहू, चंद्र कुमार यादव, दिलहरण साहू, जितेंद्र यादव, उमेश विश्वकर्मा, विक्की यादव, धन्नू साहू, गोविंदा सांवरा, महेंद्र यादव,कुलेश्वर साहू, नागेश्वर साहू सहित गणमान्य नागरिक एवं दर्शकगण बड़ी संख्या में शामिल रहे।

बिलासपुर में बढ़ी सर्दी, रात में तापमान 13.2 डिग्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेंड्रारोड, अंबिकापुर, जशपुर पहाड़ी इलाकों सहित बिलासपुर में भी अब कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। शनिवार की रात जबरदस्त ठंडी पड़ी। बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 48 घंटों के भीतर पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की गई है। पारा 13.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग की मानें तो यह सिलसिला अभी थमेगा नहीं। ठंड और बढ़ेगी। मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में उत्तर से ठंडे और शुष्क हवा का आगमन शुरू हो गया है। मौसम 18 दिसंबर को शुष्क रहने की संभावना है तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। अगले दो दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट संभावित है। प्रदेश के बस्तर संभाग में तापमान में कमी आएगी। फिलहाल बिलासपुर में लोग धूप का आनंद उठा रहे हैं और मौसम शुष्क है। बता दें कि मौसम के खुलते ही पर्यटकों में भारी उत्साह नजर आने लगा है। विगत 10 वर्षों के आंकड़ों पर गौर करें तो दिसंबर का दूसरा पकवाड़ा ठंड भरा रहता है।

भूपेश सरकार की 4 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे जिले में मनाया गौरव दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की गौरवशाली 4 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मुंगेली ब्लाक के ग्राम फुलवारी स्थित गौठान में किया गया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने निवास कार्यालय रायपुर से आयोजित वर्चुअल माध्यम में जिले के ग्राम बरमपुर में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, ग्राम मंजगांव में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लोरमी में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लोरमी में ही 1.62 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या आश्रम, फास्टरपुर में 1.91 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, लोरमी में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास भवन निर्माण का वर्चुअली भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनता के नाम संदेश दिया और राज्य सरकार के चार साल में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य सरकार के शानदार 04 साल पूर्ण होने पर लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

दो दिवसीय जिला स्तरीय छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य सरकार की गौरवशाली 4 वर्ष पूर्ण होने पर जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित दो दिवसीय जिला स्तरीय छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ आज कलेक्टर राहुल देव ने किया। प्रदर्शनी 18 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ छायाचित्र विकास प्रदर्शनी अवलोकन भी किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि राज्य सरकार की 4 वर्ष पूर्ण होने पर बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के, सेवा-जतन-सरोकार छत्तीसगढ़ सरकार थीम पर आधारित योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार हेतु जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें राज्य शासन की विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा आम लोगों को विकास पर आधारित जनमन पुस्तिका, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार, करूणा सेवा सुशासन से संबंधित पुस्तक, पाम्पलेट, ब्रोसर आदि का निरूशुल्क वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जनसम्पर्क विभाग के सहायक संचालक एसआर लहरे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कलेक्टोरेट परिसर में लगाई गई छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया अवलोकन-राज्य सरकार की गौरवशाली 04 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर के मार्गदर्शन में योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में आज 17 दिसंबर से दिवसीय जिला स्तरीय छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने किया।

जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का संसदीय सचिव ने किया शुभारंभ

- **रिवर व्यू रोड में छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्षों के विकास को दर्शाते हुए लगायी गयी है प्रदर्शनी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के रिवर व्यू रोड में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गयी पांच दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ आज संसदीय सचिव रश्मि सिंह ने किया। 'बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के सेवा - जतन -सरोकार छत्तीसगढ़ सरकार' थीम पर आधारित आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए संसदीय सचिव श्रीमती सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 4 वर्ष में जो अभिनव कार्य किये हैं वह इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचेगा।

आज से प्रारंभ यह प्रदर्शनी 21 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की 4 वर्ष की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं योजनाओं को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमि कृषि मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंगेजी माध्यम स्कूल योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, बिजली हाफ योजना, सुराजी योजना, आदि से संबंधित योजनाओं की छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है।

विभागीय स्टॉल में प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान संसदीय सचिव श्रीमती सिंह कहा कि प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया गया है। पहली बार लग रहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़िया लोगों के स्वाभिमान को बढ़ावा मिल रहा है। यह प्रदर्शनी सरकार द्वारा 4 वर्षों में किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं के लिये किये गये कार्यों को जीवंत रूप से दर्शा रही है।

सरकारी के साथ निजी एंबुलेंस में नहीं लग सका अब तक जीपीएस

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेशों को भी अधिकारी व कर्मचारी मानने को तौर नहीं है। पिछले माह सड़क सुरक्षा समिति की रायपुर में हुई बैठक के बाद सभी एंबुलेंस में जीपीएस लगाने का फरमान जारी किया गया था। इसके लिए सभी जिलों के सीएमएचओ को आदेशित भी किया गया, लेकिन बिलासपुर जिले में आदेश का पालन नहीं किया गया। किसी भी एंबुलेंस में जीपीएस नहीं लगाया गया। ऐसे में 22 नवंबर को संचालक स्वास्थ्य सेवा ने दोबारा आदेश देकर पांच दिसंबर तक सरकारी और निजी एंबुलेंस में जीपीएस लगाने का आदेश दिया था। इस तिथि तक जीपीएस नहीं लगने पर सड़कों पर एंबुलेंस नहीं चलने देने की बात कही थी। राज्य सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने की कवायद की जारी है। हाल ही में रायपुर में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति में सभी सीएमएचओ को सरकारी एंबुलेंस में जीपीएस लगाने का आदेश दिया गया था।

अवैध गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 2.8 किग्रा मादक पदार्थ गांजा एवं मोबाईल कीमती 26 हजार रुपए की जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी थाना सिटी कोतवाली में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी।

थाना पथरिया को मुखबिरों से सूचना मिली कि पथरिया निवासी चंचल मानिकपुरी नामक व्यक्ति डिवापारा चोरभठ्ठी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक पथरिया एमएम मिंज द्वारा पथरिया हमराह स्टाफ के साथ मौके पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी चंचल मानिकपुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.8 किग्रा अवैध मादक पदार्थ गांजा, 1 नग मोबाईल कुल कीमती 26 हजार रुपए जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना पथरिया में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आरोपी चंचल मानिकपुरी को 2 माह पूर्व भी थाना सिटी कोतवाली में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था।

रतनपुर के प्राचीन तालाबों का जीर्णोद्धार भी प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा : प्रदीप शर्मा

- **अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित**
- **अरपा रिवाईवल के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने दिए निर्देश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण की बैठक आज यहां मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अरपा नदी के रिवाईवल के लिए पूर्व में स्वीकृत कामों में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मार्च 2023 तक विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कामों को पूर्ण करने की समय-सीमा दी गई। श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि अरपा नदी के रिवाईवल के लिए इसके कैचमेन्ट एरिया में रहने वाले हर गांव एवं ग्रामीण की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने ऐतिहासिक रतनपुर शहर की प्राचीन लगभग 265 तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य भी अरपा रिवाईवल योजना में शामिल किया जाये। इसके लिए अलग से प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। बैठक में अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण राय,सदस्य महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, श्रीमती आशा पाण्डेय सहित कलेक्टर सौरभकुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि अरपा नदी बिलासपुर शहर सहित पूरे जिले की विकासरेखा है। विभिन्न कारणों से यह प्रदूशित एवं धारा क्षीण हुई है। प्राधिकरण के गठन के बाद इनके रिवाईवल के लिए स्वीकृत कामों में अब तेजी आने लगी है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जरूरत कैचमेन्ट एरिया के लोगों में जागरूकता लाने की है। यह नदी केवल बिलासपुर शहर के लिए ही नहीं बल्कि 4 जिलों में 3 हजार 600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। नदी के उद्गम से लेकर संगम तक संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य है ताकि पानी स्वच्छ एवं बारहों महीने पानी रह सके। अरपा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बिलासपुर सहित जीपीएम, कोरबा एवं मुंगेली जिले की 625 गांव आते हैं। उन्होंने पानी रोकने के लिए बनाये जा रहे जल संरचनाओं की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सबके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय होने चाहिए। गौरतलब है कि अरपा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत चार विभागों जैसे सिंचाई, नगर निगम, वन विभाग एवं जिला पंचायत द्वारा कार्य किये जा रहे हैं। बैठक में सभी के काम की समीक्षा की गई और आपसी समन्वय के साथ तेजी से काम करने को कहा है। उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण राय ने कहा कि अरपा नदी में बारहों महीने पानी रहे, इसके लिए सभी विभागों द्वारा समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं। पिछले लगभग डेढ़ दो महीनों में कामों ने गति पकड़ी है। उन्होंने नदी में रेत की अवैध खुदाई को अरपा के बदहाली का प्रमुख कारण बताते हुए इस पर कड़ाई से रोक लगाने की अपेक्षा प्रशासन से की है।

कुंआगांव में महिला समूहों ने विद्यालयों में किया वृक्षारोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुंआगांव में महिला समूहों के द्वारा विद्यालयों में फल एवं छायादार पौधे का वृक्षारोपण किया गया। जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने ग्राम कुआंगाव के दोनों मुक्तिधाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।

जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू द्वारा ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने सात ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण करके मॉडल रूप प्रस्तुत किया है। वृक्षों का संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी महिला समूहों ने उठाया है। महिला समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और पहल किया। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित ग्राम कुआंगाव के दोनो मुक्तिधाम में सफल वृक्षारोपण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। लिहाजा हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए। पौधारोपण करने के साथ ही उन्हें पेड़ बनाने का भी संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आज सब संकल्प ले कि वृक्ष लगाना भी है और उसको बचाना भी है। सभी नागरिक पौधों को बचाने की जिम्मेदारी उठाएं। वृक्ष हमारे बचपन से हमारे करीबी मित्र जैसे होते है। जीवन में पग-पग पर लकड़ी हमारा साथ देती है। ऑक्सीजन भी वृक्ष से ही प्राप्त होती है। उन्होंने जनसमान्य से अपील की सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और आस-पास के लोगों को भी पौधे लगाने हेतु प्रेरित करे।

एएमएनएस इंडिया ने लाया दंतेवाड़ा के ग्रामीण जनजीवन में बदलाव

किरन्दुल/नवप्रदेश। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया 10 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ भारत के अग्रणी एकीकृत स्टील उत्पादकों में से एक है। दंतेवाड़ा के किरन्दुल में इसकी यूनिट स्थापित है। एएमएनएस इंडिया औद्योगिक दायित्वों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में भी अग्रणी कम्पनी हैं। कम्पनी ने सीएसआर फण्ड के माध्यम से अपने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के साथ ही कई पहल किये हैं। एएमएनएस इंडिया ने ग्रामीणों के जनजीवन में बदलाव लाते हुए युवाओं को नई दिशा दी है। यही वजह है कि कम्पनी को क्षेत्र के लोगों का समर्थन मिलता रहा है और कम्पनी ने सफलता के नए आयाम स्थापित किये हैं।

छत्तीसगढ़ का पठारी क्षेत्र लौह अयस्क उत्पादन के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है जिसका प्रसंस्करण कर पूरी दुनिया में यहां का लोहा भिन्न-भिन्न आकारों में जनजीवन को सुलभ बना रहा है। खनिज और अयस्क राज्य में निवेश के सबसे बड़े स्त्रोत हैं लिहाजा शासन खनन के लिए बड़ी-बड़ी कम्पनियों को आमंत्रित करती है जिसके एवज में टैक्स के अतिरिक्त कम्पनियों का दायित्व होता है की वे खनन क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों और लोगों के विकास हेतु प्रयास और क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं विकसित करे।

दंतेवाड़ा के वनांचल क्षेत्र खनिजों का भंडारगृह किंतु राज्य के अत्यल्प विकसित क्षेत्रों में से एक है जहां कई छोटी-बड़ी कम्पनियों ने निवेश किया है। एएमएनएस इंडिया इन्ही में से एक है जिन्होंने उद्योग के विस्तार के साथ क्षेत्र और समाज के विकास को प्राथमिकता दी और जिले में नलकूपों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण और अन्य क्षेत्रों में कम्पनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बीते एक वर्ष में कम्पनी द्वारा जिले में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में किये कुछ प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं

स्वास्थ्यः ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ करने एएमएनएस द्वारा राजकीय हाई स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 373 छात्रों ने भाग लिया। पाइपलाइन ग्रामों में 9853 किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और सेनेटरी पैड वितरित किया गया। 956 विकलांगो को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। पोषाहार स्थिति में सुधार हेतु प्रयास किया गया साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों से 3451 ग्रामीणों को लाभ हुआ।

शिक्षाः दंतेवाड़ा के कई ग्रामों में एएमएनएस इंडिया द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम के तहत लड़कों और लड़कियों को साईकल वितरित किया गया। मेज-कुर्सी, वाटर फिल्टर, विभिन्न प्रकार की शिक्षा सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्कूली विद्यार्थियों के भौतिक व शैक्षणिक विकास के लिए कार्य किया गया है।

पेय जलः- ग्रामों में पेय जल संकट को दूर करने सीएसआर मद से पटेलपारा-किरंदुल बस्ती में 105 हितग्राहियों के लिए जल पाइप योजना, 740 हितग्राहियों के लिये 20 बोरवेल की मरम्मत, पुलिस कैम्प में आरओ सह वाटर कूलर की सुविधा और कई हैंड ट्यूबवेल की मरम्मत की गयी जिससे 1190 लाभार्थी लाभान्वित हुए। 6 नए बोरवेल की ड्रिलिंग की गयी जिससे 320 परिवार लाभान्वित हुए ।

बुनियादी ढांचे का विकासः- एएमएनएस इंडिया दंतेवाड़ा के ग्रामों में बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराता रहता है। पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में एएमएनएस इंडिया द्वारा 2000 परिवारों को घरेलू सामग्री का वितरण, 919 हितग्राहियों के लिए सामुदायिक भवन दंतेवाड़ा का उद्घाटन, आंगनबाड़ी एवं मातागुड़ी का उद्घाटन एवं सामुदायिक कार्यों के लिए बर्तन, चटाई, कुर्सी इत्यादि के वितरण से लगभग 1000 लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं। एएमएनएस इंडिया ने दंतेवाड़ा के ग्रामों में अपनी विशेष पहलों से समाज और लोगों के विकास के लिए न सिर्फ विशेष रुचि दिखाई है बल्कि अन्य कम्पनियों के लिये भी सीएसआर के सदुपयोग और अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने आदर्श मानक स्थापित किया हैं।

खेल और संस्कृति

क्षेत्र के युवाओं में भौतिक शिक्षा का विकास और संस्कृति को सहेजने कई आयोजनों में एएमएनएस लगातार सहयोग करता आया है। फुलपड़ ग्राम ने टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, बैलाडीला में कबड्डी मैच का आयोजन, 21 वें छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में सहयोग, 20 गावों में वॉलीबॉल किट का वितरण, क्रिकेट कोचिंग समर कैम्प, बस्तर दशहरा हेतु वित्तीय सहयोग और महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य कम्पनी द्वारा किये गए।

आजीविका,कौशल विकास

'ग्रामीणों के लिए आजीविका के साधन विकसित करने एवं कौशल विकास के लिए फुलपाड और कदमपाल के 20 युवाओं को चेन लिंक फेंसिंग मशीन, किसानों के लिए किचन गार्डन, 72 किसानों को कृषि उपकरण, सीप मशरूम की खेती के लिए बंडल निर्माण, 2545 लाभार्थियों को मछली पकड़ने के उपकरण प्रदान किया गया।

पर्यावरण संरक्षण

किसी भी क्षेत्र में उद्योगों के विकास की बात आती है तो आमतौर सभी के ज़बान पर और खासतौर पर पर्यावरणविदों के द्वारा वृक्षों की कटाई और अवनिकरण पर विशेष रोष और नाराज़गी देखी जाती है परन्तु एएमएनएस इंडिया देश के प्रतिष्ठित अख़बार द-हिन्दू के साथ मिलकर वृक्षारोपण अभियान में सहयोग करता है। वृक्षारोपण के साथ-साथ यह पर्यावरण सम्बन्धी सभी आयोजनों एवं अवसरों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है एवं स्कूली छात्रों में जागरूकता लाने कई कार्यक्रम आयोजित करता है।

शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने हुई बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड भोपालपटनम में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने एवं विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल के निर्देषन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम के अध्यक्षता में विकास खण्ड के समस्त प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला के प्रधानपाठकों का समीक्षा बैठक दिनांक 17.12.2022 को सामुदायिक भवन भोपालपटनम में अयोजित किया गया। बैठक से पूर्व सागर गजबिये गांधी फेलो एवं कु. प्राची गांधी फेलो के द्वारा सभी प्रधान अध्यापकों को गतिविधि के माध्यम से रीड एलांग एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रीड एलांग एप्प में 1000 कहानियों का संग्रह है। जिसके माध्यम से बच्चों में भाषाई पठन कौषलों का विकास होगा। उक्त बैठक में श्रीनिवास एट्ला एपीसी जिला बीजापुर के द्वारा जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, एम.एल.ई. योजना, स्कूल रेडिनेस योजना, बालवाड़ी योजना, उपचारात्मक शिक्षण योजना, सीख कार्यक्रम, दीक्षा एप का क्रियान्वयन, सुघ्घर पढ़वईया योजना, नवाजतन कार्यक्रम, सरल कार्यक्रम, टेली प्रेक्टीस, निक्लर एप, इन्स्पायर अवार्ड, कबाड़ से जुगाड़, मुस्कान पुस्तकालय, चर्चा पत्र, अभ्यास पुस्तिका का उपयोग, प्रिंट रिच वातावरण, शाला सुरक्षा कार्यक्रम, समर्थन कार्यक्रम एवं एफएलएन पर विस्तृत जानकारी प्रधान अध्यापकों को दी गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री कण्डिक नारायण ने शिक्षकों को प्रतिदिन शाला समय से पहुचने, शाला अवधि तक नियमित अध्यापन कार्य करने, नियमित शिक्षक डायरी संधारित करने, पाठ योजना बनाकर पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य करने, शैक्षिक कैलेण्डर का पालन करने, विद्यार्थी विकास सूचकांक का नियमित उपयोग के साथ-साथ बच्चों के लर्निंग आउटकम प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने निर्देशित किया गया।

राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद नई दिल्ली एडवांस कंप्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स में सियो पोटाई ने भाग लेने की अपील

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा 1 महीने का उन्नत कम्पयूटर एवं एमएस आफिस कोर्स, 6 फरवरी से 3 मार्च तक है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ भारत में सहकारी आंदोलन का एक शीर्ष संगठन है। एनसीयूआई के मुख्य उद्देश्यों में से एक भारत के साथ-साथ सार्क देशों में सहकारी समितियों के सदस्यों, कर्मचारियों और नेताओं को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है। एनसीयूआई के तत्वाधान में राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र (एनसीसीई) को सहकारी समितियों के लाभ के लिए विभिन्न विषयों पर शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अधिकार सौंपा गया है।

जिला सहकारी संघ मर्या. कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने बताया कि सहकारी क्षेत्र के इस बदलते समय और आवश्यकता के साथ यह कंप्यूटर प्रबंधन का ज्ञान सहकारी संस्थाओं के कार्मिकों एवं पदाधिकारियों के लिए व्यवसाय आवश्यक है इसलिए सहकारिता के लाभ के लिए यह चार सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स तैयार किया गया है। श्रीमती पोटाई ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सहकारिता के नवीनतम विकास, सहकारी समितियों के पेशेवर प्रबंधन, शिक्षा कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

यह एक पेड प्रोग्राम है और पूरे कोर्स की फीस रु- 5000 प्रति प्रतिभागी है। इस प्रशिक्षण में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा परिषद द्वारा प्रतिभागियों को रेल/बस का वास्तविक किराया, एनसीसी छात्रावास में रहने व खाने की व्यवस्था, प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम सामग्रियां, सहकारिताओं का अध्ययन दौरा उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रशिक्षण पद्धति में व्याख्यान, चर्चा, प्रश्न, उत्तर, छोटे अभ्यास, दैनिक आकलन आदि शामिल होंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशिक्षण अवधि के दौरान काम करने के लिए लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। सभी पठन सामग्री नियमित रूप से प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएगी। पाठ्यक्रम के अंत में, एक परीक्षा आयोजित की जाएगी और सफल उम्मीदवारों को भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

गौठान में मनाया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

नगरी/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार वनांचल क्षेत्र स्थित आदिवासी विकासखंड नगरी के ग्राम खड़ादाह डोकाल में 17 दिसंबर 2022 को सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत डोकाल के ग्राम खडादाह के गौठान में किया गया। गौरव दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश को उपस्थितजनों के द्वारा सुना गया। ग्राम पंचायत के सरपंच देवचंद उईके जनप्रतिनिधियों, स्वसहायता समूह की महिलाओं, ग्रामवासियों के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी उपस्थित थे शासन द्वारा विगत चार वर्षों में विभिन्न योजनाओं विशेष रूप से नरवा, गरवा ,घूरवा,बाड़ी के महत्त्व को बताया शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किए। गौरव दिवस कार्यक्रम में सरपंच देवचंद् उइके, गौठान समिति के अध्यक्ष चंद्रहास् ध्रूव सचिव ग्राम पंचायत डोकाल् फिरतुराम कुंजाम, पंचगण, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खिलावन दास साहू, सीएसी दीनदयाल साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।

वाश गतिविधि संचालन एवं रख-रखाव पर शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न

■ शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है : डीईओ

कांकेर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग कांकेर और वाटर एड इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्कूल वाश कार्यक्रम अंर्तगत वाश गतिविधि संचालन एवम रखरखाव पर शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल लेक व्यू में किया गया । जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन द्वारा अपनी बातों को रखते हुए प्रतिभागियों को संदेश में कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है।एवं समाज का सही प्रदर्शक शिक्षा के माध्यम से शिक्षक ही प्रदान करता है।विद्यार्थियों को संस्कारवान चरित्रवान शिक्षक ही बनाते हैं जो आगे चलकर आदर्श नागरिक एवं भारत के बेहतर भविष्य के रूप में तैयार करते हैं और यही भविष्य राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करते हैं ।

शिक्षकों की भूमिका का अहम प्रभाव वर्तमान में स्कूलों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने में देखा जा रहा है।और वह काफी महत्वपूर्ण और सराहनीय है । छात्र-छात्राएं एवं समुदाय के विशिष्ट वर्ग शिक्षकों को अपना रोल मॉडल मानते हैं उनकी बातों को गंभीरता से लेते हैं शिक्षक अपने छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शिक्षा जब देते हैं तो बच्चे उन्हें ना सिर्फ आत्मसात करते हैं।अपितु दैनिक जीवन में भी उसे स्वीकार करके रोजमर्रा की जीवन में आत्मसात करते हैं उसी संदर्भ में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए शपथ लेकर कार्य करके परिणाम देने वाले शिक्षक को प्रेरणाश्रोत बनने का आमंत्रण दिया गया ।

शिक्षा के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वाह शिक्षक बखूबी कर रहे हैं ,शिक्षकों की सहभागिता व जन सहयोग से बड़े-बड़े लक्ष्य को सरलता से साधा जा सकता है प्राप्त किया जा सकता है । वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से स्वच्छता एवं उससे संबंधित संदेश को लेकर चाहे वह खाना खाने के पहले हाथ धोए जाने की प्रक्रिया शौचालय से वापस आने के बाद हाथ धोने की प्रक्रिया शौच के लिए टायलट का शत प्रतिशत उपयोग एवं पूरे गांव विकासखंड तथा जिले को ओडीएफ यानि शौच मुक्त ग्राम विकासखंड एवं जिला बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका प्राप्त हुई है।और इसी तारतम्य में अपनी सहभागिता को एक कदम और दर्ज करने हेतु शिक्षकों के लिए वाटर एड इंडिया फाउंडेशन और शिक्षा विभाग ने कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों को जानकर हाथ धोने की प्रक्रिया स्कूल में किस तरह से स्वास्थ स्वच्छता का ध्यान रखा जाए स्कूल के बच्चों को किस तरह की गतिविधियों को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने के लिए आह्वान दिया जाए पर विस्तार से चर्चा किया गया।

घासीदास जयंती पर समाजसेवी संस्था ने प्रोफेसर बंजारे को किया सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर कांकेर शहर तथा जिले की लंबे अरसे से शि26 जन सहयोग संस्था द्वारा उनके निवास स्थान पर पहुंचकर किया गया। इस अवसर पर निवेदन करते हुए संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने प्रोफेसर बंजारे से विनम्र अनुरोध किया कि गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर हमारी संस्था द्वारा आपके अभिनंदन को स्वीकार करने की अनुमति प्रदान करें । तत्पश्चात शाल एवं श्रीफल स्वीकारते हुए प्रोफेसर एसआर बंजारे साहब ने कहा कि आप लोगों द्वारा किए गए इस सम्मान से मैं अभिभूत हूं तथा आप सब सामाजिक कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं, आभार प्रकट करता हूं । आप लोगों की संस्था जन सहयोग बहुत अच्छा काम कर रही है। उसके लिए भी मैं आप सबको बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। अभिनंदन के पश्चात जन सहयोग के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पहुंचकर सफाई अभियान चलाया तथा आसपास के बड़े-बड़े गड्ढों को पाटकर एक उल्लेखनीय कार्य किया क्योंकि इन गड्ढों से दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता था। आज के स्वच्छता अभियान सहित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव बल्लू राम यादव, जितेंद्र प्रताब देव,प्रवीण गुप्ता, दिनेश मोटवानी राजेश चौहान, उत्तम मिश्रा, शैलेंद्र बिहारी पप्पू साहू, संजय मंशानी,सदा साहू एवं संत कुमार रजक शामिल है।

ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में बीईई एवं क्रेडा के सौजन्य से ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रेडा द्वारा कृषकों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गयी। अक्षय ऊर्जा उपकरणों, 5 स्टार रेटिंग पम्प व अन्य उपकरणों का अधिक से अधिक उपयोग किये जाने एवं जल संरक्षण किये जाने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही जिले में ऊर्जा दक्ष उपकरणों एवं ऊर्जा संरक्षण के ऊपर विभिन्न कार्य कराए जाने व विभिन्न ग्रामों में पेयजल हेतु स्थापित पावर पम्पों को भी ऊर्जा दक्ष पम्पों से बदलने के लिए पहल क्रेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम के तहत कराये जाने के लिए कहा गया। कार्यशाला में जिले से 70 प्रगतिशील किसानों जिसमें महिला किसान, राज्य स्तरीय डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार व राज्यपाल से सम्मानित किसानों ने भाग लेकर ऊर्जा एवं जल संरक्षण के संबंध में जानकारियां प्राप्त की।

420 के मामले में जेल जाने वाला व्यक्ति किस मुंह से भ्रष्टाचार की बात कर रहा है : पार्वती

बीजापुर/नवप्रदेश। ज़िला पंचायत बीजापुर की सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य पार्वती कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह भ्रष्टाचार कर 420 के एक मामले में जेल गया था वह किस मुँह से भ्रष्टाचार की बड़ी बड़ी बातें कर रहा है। अजय सिंह मीडिया में लगातार बीजापुर के लोकप्रिय विधायक विक्रम मंडावी और स्थानीय प्रशासन की छवि ख़राब करने और भ्रष्टाचार करने की मंशा से बेबुनियाद और निराधार आरोप लगा रहा है। पार्वती कश्यप ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि अजय सिंह बीजापुर ज़िले का एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है वह हमेशा जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और ठेकेदारों का ब्लैकमेलिंग करता है और डराकर धमकाकर अवैध वसूली करने में लगा रहता है यही अजय सिंह का मुख्य पेशा है। अजय सिंह को भ्रष्टाचार पर बोलने से पहले वह खुद का रिकार्ड भी एक बार देख लें। श्रीमती पार्वती कश्यप ने आगे कहा कि अजय सिंह के कारनामों को लोग अच्छी तरह जानते है और समझते भी है। अजय सिंह के कारनामे किसी से छीपे नहीं है। सुबह से शाम तक ऑफ़िसों के चक्कर लगाना ऑफ़िसों में ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को डरा धमकाकर अवैध वसूली करना और ब्लैकमेलिंग करना ही अजय सिंह का एक मात्र मुख्य पेशा है।

विधायक ने किया वन धन विकास केन्द्र का लोकार्पण

बलरामपुर/नवप्रदेश। वन विभाग के द्वारा वन वाटिका परिसर में वन धन विकास केन्द्र का सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गौरव दिवस मनाया गया, इस दौरान हाथियों द्वारा फसल क्षति से प्रभावित 6 परिवारों को मुआवजा, वन अधिकार पत्र के 8 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के 4 वर्ष बेमिसाल रहे हैं, आज हर चेहरे पर सरकार के कार्यों के प्रति मुस्कान है, पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ही मात्र ऐसा प्रदेश है जहां चावल 1 रूपए किलो सरकार देती है, तथा धान 26.40 रुपए प्रति किलो खरीदती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुल-पुलिया सड़क निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, वही शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए भी विशेष कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम को कलेक्टर विजय दयाराम के. ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्षों के कार्यकाल में हर वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि विधायक सिंह के प्रयासों से रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में पुल-पुलिया निर्माण के लिए 60 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है,।

कुशासन, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार के 15 साल बनाम सेवा, जतन, सुशासन और समृद्धि के 4 साल

■ कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने पर सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने बताया यह 4 साल गौरव और स्वाभिमान के हैं

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य के हर वर्ग के लोगों का जीवन स्तर में परिवर्तन आया। कांग्रेस की सरकार ने हर वर्ष के विकास के लिए प्रभावी योजना बनाकर उनका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन किया गया। किसानोंको का कर्जामाफ, बिजली बिल हाफ, युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के द्वार खोले गए, आउट सोर्सिंग बंद किया गया, आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए विशेष योजना बनाई गई, राज्य की संस्कृति को संवर्धित करने का काम किया गया।

कंग्रेस न अपने घोषणा पत्र में 36 प्रमुख वायदों मे से 90 प्रतिशत से अधिक वायदों को पूरा कर चुकी है चार साल के कार्यकाल में सरकार ने आधा समय कोरोना महामारी से निपटने मे लगाया उसके बावजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सरकार की अपने वायदों को पूरा करने की प्रतिबद्धता ही है कि पांच साल के लिए किए गए 36 वायदों में 90 प्रतिशत वायदों को सरकार ने पूरा कर दिखाया और अन्य महत्वपूर्ण वायदों को पूरा करने के लिए कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। शिक्षा के स्तर को उपर चढ़ाने के लिए आत्मानंद स्कूल की स्थापना करना जिससे गरीब तपके के लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा निःशुल्क प्राप्त कर सके, स्वास्थ्य के संबंध में हमारी सरकार ने गांव-गांव मे हाट बाजार क्लिनिक, नगरीय निकाय में वार्ड स्तर पर चलित हास्पिटल से लोगों के स्वास्थ्य के देख भाल कर रहे है। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 20 लाख तक के ईलाज की सुविधा तथा 16 सरकारी जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा आरंभ की गई।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में समर्थन मूल्य मे धान खरीदी 1698129.23 मि.टन खरीदी 100772.85 लाख रू. का भुगतान किया गया। राजीव न्याय योजनांतर्गत से राशि 23960.89 लाख रू. 94262 किसान लाभान्वित हुए। सिहावा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत धान उपार्जन केन्द्र, रिसगांव, घुरावड़, दुगली, सियारीनाला, मूलगांव, करैहा खोला गया। विद्युत विभाग बिजली बिल हाफ योजना अंतर्गत 4 वर्षो मे 95973 उपभोक्ताओं को कुल 9.79 करोड़ रू. की छुट प्रदान की गई। कृषि पंप एवं जीवन ज्योति योजना में 20450 उपभोक्ताओं को कुल 6.56 करोड़ रू. छुट प्रदान की गई। ग्राम पंचायत सांकरा मे नवीन वितरण केन्द्र की स्थापना किया गया जिसमें लाभान्वित ग्राम 41 एवं लाभान्वित उपभोक्ता 6600 को लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विद्युतीकरण योजना अंतर्गत छिपली, आमगांव, पदमपुर, खम्हरिया हेतु 10 लाख की लागत से विस्तार किया।

जिले में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का हुआ शुभारंभ

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को महापौर राज किशोर प्रसाद और छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय ने आज हरी झंडी दिखाकर विकासखंडों में प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया। यह रथ जिले के 60 जगह पर 15 दिवस तक जन जागरूकता का कार्य करेगी। इस रथ में एलईडी टीवी के माध्यम से महिलाओं से जुड़ी विषय पर पिक्चर, महिला आयोग की योजना, आवेदन प्रक्रिया, भ्रूण हत्या, कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा कानून आदि विषयों के बारे में बताया जाएगा। इस रथ में महिला आयोग के कार्यो से संबंधित विषय पर पम्पलेट वितरण एवं शिकायत पेटी भी रखा गया है।

सुदूर वनांचल साल्हेवारा और बकरकट्टा की अब नक्सलवाद नहीं विकास बनी पहचान

■ **राज्य में अब तक 4 हजार से अधिक हाट बाजार क्लीनिक से 63 लाख ग्रामीणों को मिला लाभ**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पश्चिमी इलाके के अंतिम छोर में घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे साल्हेवारा और बकरकट्टा की पहचान कभी नक्सल प्रभावित इलाके की रही है। पर अब यहां की पहचान नक्सलवाद नहीं बल्कि यहां हो रहे विकास की है। इसकी बानगी ये है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने मध्यप्रदेश के निवासी भी आ रहे हैं। नवगठित खैरागढ़ जिले के साल्हेवारा और बकरकट्टा में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत मेडिकल वैन साप्ताहिक हाट-बाजार में खड़ी होती है। यहां से मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की सीमा सिर्फतीन किलोमीटर की दूरी पर है। वहां से कई ग्रामीण यहां बाजार करने आते हैं और वैन खड़ी देख वहीं अपना चेक-अप कराते हैं। बालाघाट जिले के कचनारी गांव के निवासी प्रीतम राम ने बताया कि उनके गांव में स्वास्थ्य सुविधायें न के बराबर हैं। ऐसे में यहां साल्हेवारा में मंगलवार और रामपुर में बुधवार बाजार करने आते हैं। बाजार में खड़ी मेडिकल वैन में ही अपना कई बार चेक-अप कराया है। यहां की गयी जांच में पता चला कि मुझे मोतियाबिंद है। जिससे समय रहते इलाज कराने से मेरी आंख ठीक हो गयी। रामपुर के हाट-बाजार में इसी गांव के रहने वाले रामप्रसाद बताते हैं कि यहां हुई जांच में पता चला कि मेरा बीपी बढ़ा रहता है, यहां से फ्री में दवा भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू की गयी इस योजना की लोकप्रियता का आलम ये है कि साप्ताहिक बाजार में वैन के पास चेकअप कराने के लिये हमेशा भीड़ बनी रहती है। यही नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा की ओपीडी में दिखाकर भी पड़ोसी राज्य के मरीज स्वास्थ्य लाभ रहे हैं। इस स्वास्थय केंद्र में प्रतिदिन औसतन सौ से अधिक मरीज आते हैं जिनमें से दस प्रतिशत मध्यप्रदेश से होते हैं।

अब तक 63 लाख से अधिक ग्रामीणों ने करायी जांच-राज्य में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना से अब तक करीब 63 लाख से अधिक ग्रामीण लाभ ले चुके हैं। राज्य में प्रति सप्ताह 1798 हाट बाजार क्लीनिक में 4289 डेडिकेटेड वाहन और मेडिकल स्टाफ में जरिये स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही हैं। हाल ही में हाट बाजार क्लीनिक से रेफर किये गये मरीजों के फॉलो-अप के लिए ऑन लाइन सिस्टम शुरू किया गया है।

भूपेश सरकार के 4 साल का कांग्रेस ने प्रदेशभर में मनाया जश्न

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश सरकार 4 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लॉकों में जश्न और खुशी मनाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़े, मिठाई बांटी तथा ढोल ताशे के साथ उत्सव मनाया। गौठान, धान खरीदी केन्द्र, तेन्दूपत्ता संग्रहण केन्द्र, लघु वनोपज खरीदी केन्द्र सहित सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भाईयों, पशुपालकों, गौठान समितियों, स्व-सहायता समूहों, तेन्दूपत्ता संग्राहकों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सम्मान किया गया। नगरीय निकाय क्षेत्रों में वार्डों में सफाईकर्मियों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के पोस्टर बैनर की प्रदर्शनी लगा कर जनजागरण भी चलाया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं ने ढोल, फटाखे, मिठाईयों के साथ खुशी मनाया।

राज्य सरकार ने किसानों के हित में ऋण माफ किया : मंत्री टेकाम

■ **छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आदर्श गौठान खड़गवां कला में आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आदर्श गौठान खड़गवां कला में आयोजनजिला स्तरीय कार्यक्रम गौरव दिवस में वर्चुअली शामिल हुए

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड की खड़गवां कला आदर्श गौठान में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणजनों ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ गौरव दिवस में वर्चुअली शामिल हुए और उनका संदेश सुना।

कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने पिछले 4 सालों में सरकार की उपलब्धि एवं अन्य सफलताओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऋण माफी किया है। किसान खुश है, सरकार 2500 क्विंटल में धान खरीद रही है एवं धान विक्रय पर 48 घंटे में किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर हो रहा है। आदर्श गौठान खड़गवां कला से महिला स्व सहायता समूह द्वारा सब्जियां एवं खाद से लाखों की आमदनी हो रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को धान के बदले अन्य फसल पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। कोदो, कुटकी को समर्थन मूल्य में खरीदा जा रहा है। लघु वनोपज की खरीदी की जा रही है कोरोना काल में भी राज्य सरकार ने लघु वनोपज के उत्पादों को खरीदा। स्थानीय ग्रामीण जनों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किया जा रहा है। उन्होंने स्कूली बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत अब देश में सबसे अधिक मिल रही है। सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में योजनाएं चलाई है। इन योजनाओं से आमलोगों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ़ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है। राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों आदि सभी वर्गो-समाजों के लिए योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। राज्य का सर्वांगीण विकास करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों ने बताया कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू की उपस्थिती में सम्पन्न हुई। प्रदेश भर के उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ की गतिविधियों से भारतीय जनता पार्टी का आधार बढ़े इस हेतु हमें लगातार कार्य करना है। चिकित्सा शिविर एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों से नये कार्यकर्ताओं को जोड़कर अपनी गतिविधियों का विस्तार करना है। भारत को परम वैभव में ले जाने एवं अपनी पुरातन संस्कृति की रक्षा के लिए भाजपा की सरकार स्थापित करना आवश्यक है। प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में चिकित्सकों को मानव सेवा का प्रथम पायदान बताया है। कांग्रेस सरकार द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार पर कहा कि ईडी एवं इन्कम टैक्स के छापे ने सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। भ्रष्टाचारियों को कवच प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को सामने आना प्रदेश के लिए लज्जा जनक है। प्रदेश को आज कांग्रेस की सरकार ने अराजकता की भट्ठी में झोंक दिया है।

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर डॉ. विमल चोपड़ा ने किया। तत्पश्चात चिकित्सा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं प्रकोष्ठ के विस्तार पर कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंत में फरवरी के प्रथम सप्ताह में छत्तीसगढ़ स्तरीय चिकित्सकों का सम्मेलन रायपुर में रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश की वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्व्यवस्था एवं केन्द्र सरकार के सराहनीय कार्यों के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव बिलासपुर के जिला संयोजक डॉ. रजनीश पांडे ने रखा एवं उसका समर्थन डॉ. सुशांत विश्वास जिला संयोजक सूरजपुर ने किया।

सभी गौठानों, धान खरीदी केंद्रों में गौरव दिवस का आयोजन

■ **गौरव दिवस के अवसर पर ग्राम टेकारी में विधायक धनेंद्र साहू और ग्राम सोण्डरा में विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा शामिल हुए**

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के सभी गौठानों, धान खरीदी केंद्रों, प्राथमिक सहकारी सोसाईटी परिसर और नगरीय क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया।गौरव दिवस के इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश दिया गया।आयोजित कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, आमजन तथा हितग्राहियों को शासन की प्रमुख योजनाओं और शासन द्वारा विगत चार वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

धरसीवा विकासखंड के ग्राम पंचायत सोण्डरा में गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरसींवा विधायक अनीता योगेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शर्मा ने दिव्यांगजनों को मोटराइज़्ड ट्राइसाईकिल वितरित की। इस अवसर पर गौठान की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपने बाड़ी की ऑर्गेनिक सब्ज़ी भी प्रदर्शित की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को धान का पूरे देश में अन्य राज्यो की अपेक्षा अधिक मूल्य में खरीदी की जा रही है।इसी तरह राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में सरकार द्वारा योजनाओं के माध्यम से हितों को पूरा किया जा रहा है।

इसी तरह अभनपुर विकासखंड के ग्राम टेकारी में अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर गौरव दिवस आयोजन की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता के हितों को पूरा कर रहा है। अन्नदाता किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा सभी वर्गो के हित के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनओं से आमलोगों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ़ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है।

इसी तरह आरंग, धरसींवा, तिल्दा और अभनपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के गौठानों में गौरव दिवस का आयोजन किया गया। सभी गौठानों में गौरव दिवस के इस अवसर पर किसान, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय निकायों के सदस्यगण, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

छग गौरव दिवस पर प्रदर्शनी, राज्य सरकार की उपलब्धियों को लोगों ने जमकर सराहा

■ **राजधानी रायपुर में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने 4 साल की गौरवमयी यात्रा पूरी कर ली है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इसे गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब के पास छत्तीसगढ़ सरकार की चार साल की उपलब्धियों पर आधारित

प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का अवलोकन स्कूली बच्चे के साथ-साथ नागरिकों ने भी किया और इसकी सराहना की।

छत्तीसगढ़ कॉलेज के बीए फाइनल में पढ़ने वाले भरत मनहर ने बताया छत्तीसगढ़ सरकार ने गांव गरीब और किसानों को लाभान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की है और इन योजनाओं का लाभ भी किसानों एवं अन्य हितग्राहियों को मिल रहा है। बेमेतरा जिले के पंडित जवाहरलाल नेहरू विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संदीप आहिरे ने बताया कि शासन की योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार होने से लोगों में शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना आदि योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है।

राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों का होगा कायाकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासकीय भवनों जैसे कलेक्टोरेट, अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, चौकी जहां शासकीय काम के चलते बड़ी संख्या में लोगों का आना होता है, उनके मरम्मत व रख-रखाव को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य शासकीय भवनों के मरम्मत एवं रख-रखाव की योजना तैयार कर आगामी कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण अनेक शाला भवनों में अध्ययन-अध्यापन के कार्य में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र आरंभ होने से पूर्व शालाओं, आश्रमों एवं छात्रावास भवनों का उन्नयन, मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य कराया जाना आवश्यक है। इसी तरह अन्य शासकीय भवनों जहां काम के सिलसिले में आम जनता का आना-जाना बना रहता है, उन भवनों के भी मरम्मत, रख-रखाव व व्यवस्थापन की जरूरत है।

आतंक और अत्याचार के चार साल पूरे, उल्टी गिनती शुरू : अरूण साव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कांग्रेस सरकार के चार साल के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आतंक, अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के चार साल पूरे हो गए। अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कांग्रेस सरकार को जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि कुशासन और हर वर्ग पर अत्याचार के 4 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इस अन्यायी, अत्याचारी सरकार का जाना तय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि आखिरकार भूपेश बघेल सरकार के चार साल पूरे हो गए। ये चार साल बदहाली के, ये चार साल भ्रष्टाचार के, ये चार साल अपराधीकरण के, अन्याय अत्याचार के, आदिवासी समाज पर अत्याचार के, अनुसूचित जाति पर अत्याचार के, पिछड़े वर्ग पर अत्याचार के, किसानों पर अत्याचार के, युवाओं पर अत्याचार के, गरीबों पर अत्याचार के, माताओं बहनों पर अत्याचार के चार साल पूरे हुए हैं। भूपेश बघेल सरकार अत्याचारी सरकार है। जनता ने तय कर दिया है कि इस भ्रष्ट और क्रूर सरकार को उखाड़ फेंकना है।

कांग्रेस राज में शादियां भी सुरक्षित नहीं : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का जिला चाकूपुर बन गया। शादी घर में घुसकर 8 लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। यह सरकार है कहां, कहां हैं मुख्यमंत्री, कहां हैं उनके गृह मंत्री, कहां है कानून व्यवस्था, कैसे चल रहा है यह गुंडाराज? छत्तीसगढ़ में आम तौर पर कोई सुरक्षित नहीं है। जनता तो जनता कांग्रेस के नेता भी राह चलते गोलियों से भूने जा रहे हैं।

सीएचओ और फार्मासिस्ट का हुआ प्रशिक्षण

■ **सीखे पोर्टल अपडेट रखने का तरीका**

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के नवनियुक्त सीएचओ और फार्मासिस्ट का एक दिवसीय एफपीएलएमआईएस फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य जिले की परिवार कल्याण से सम्बंधित स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग को बेहतर बनाना था।

प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बतायाः प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त सीएचओ और फार्मासिस्ट को परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ उसका डाटा अपडेट रखने के बारे में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में पोर्टल अपडेट के साथ ऐप और एसएमएस के जरिए किस प्रकार अपने स्टॉक की एंट्री को सही करने की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही वितरित की गई फैमिली प्लानिंग की सामग्री जैसे निरोध, गर्भनिरोधक गोलियां, इंजेक्शन की जानकारी साथ ही भविष्य में जरूरत पड़ने वाले संसाधनों का समय रहते राज्य जिले से मांग कैसे की जाएगी के बारे में जानकारी दी गयी।

इस प्रशिक्षण में रायपुर और बिरगांव अर्बन के फार्मासिस्ट और समस्त ब्लॉक के नवनियुक्त सीएचओ भी मौजूद रहे प्रशिक्षण को राज्य सलाहकार कमल एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। विशेष रूप से डाटा एंट्री के सत्र को जिला डाटा मैनेजर निशा मणि साहू द्वारा लिया गया और फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन में जरूरी चीजों के बारे में आरएमएनसीएचए की जिला सलाहकार डॉ. निकिता पवार ने जानकारी दी। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश चौधरी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार के मार्गदर्शन में दिया गया।

भूपेश सरकार के 4 साल में हर वर्ग के साथ न्याय हुआ : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने जो कहा सो किया कि नीति कर जनता से किए हर वादे को किया है। इन 4 साल में प्रदेश की जनता ने भूपेश बघेल सरकार को हर वर्ग के साथ न्याय करते देखा है। किसान, मजदूर, आदिवासी, युवा सभी के साथ कांग्रेस सरकार ने न्याय करने न्याय योजना चलाया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी कृषि मजदूर न्याय योजना के लोगो के जीवन स्तर में परिवर्तन ला रही है। 4 साल में 90 प्रतिशत वादों को पूरा किया गया है भूपेश बघेल सरकार 4 साल में किसानों को जेब में लगभग एक लाख पचास हजार करोड डाल चुकी है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना गोधन न्याय योजना राजीव गांधी कृषि भूमिहीन न्याय योजना से लोगो को आर्थिक मदद मिली रही है उसकी तारीफ चारो दिशाओं में हो रही है।छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाने कई राज्य आगे आ रहे है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 15 साल के रमन भाजपा शासनकाल प्रदेश के किसान मजदूर महिलाएं युवाओं के लिए अन्याय काल था इस दौरान किसानों के जेब खाली रहते थे और भाजपा नेता कमीशन खोरी कर भ्रष्टाचार कर अपनी जेब और तिजोरी को भरते रहें। यही खास अंतर 15 साल के भाजपा शासनकाल 4 साल के कांग्रेस शासन काल का है 4 साल में किसानों के जेब में जब पैसा डाला गया तो छत्तीसगढ़ के बाजारों में रौनक आई जहां मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते देशभर में आर्थिक मंदी है मायूसी है छत्तीसगढ़ आर्थिक मंदी की काली छाया से दूर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इन 4 सालों में सभी वर्ग के हित के लिए सरकार ने काम किया है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (क्रेडा) और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के सहयोग से कलिंगा विश्वविद्यालय के एनर्जी क्लब ने 14 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के लिए दो कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें से एक ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम था। जिसमें क्रेडा के परियोजना समन्वयक, रायपुर के निहार और डॉ. प्रियंका पचौरी प्रमुख वक्ता थे।

कार्यक्रम कि शुरुआत में एंकरिंग टीम द्वारा प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत किया गया और बाद में प्रमुख वक्ताओं ने संक्षेप में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और जिन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रेडा काम कर रहा है, उनके बारे में अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया। विद्यार्थियों ने सोलर पैनल के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलिंगा विश्वविद्यालय से जागरूकता कार्यक्रम के लिए समन्वयक शिल्पी चौबे, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग और स्वाति तिवारी, सहायक

प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग थीं।

दुसरा कार्यक्रम ऊर्जा संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता थी, जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस आयोजन की समन्वयक कीर्ति साहू, सहायक प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग, पीयूष दास, सहायक प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग और डॉ. प्रीति पांडे, सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान थीं। प्रतियोगिता दोपहर 02 बजे से प्रारंभ हुई। छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण पर पोस्टर बनाने के लिए रचनात्मक और बौद्धिक ज्ञान का उपयोग किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आभा सोनी (बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन, प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान सोमिता चक्रवर्ती (एमएससी फोरेंसिक साइंस, प्रथम सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान प्राची गुप्ता (बी.कॉम-ऑनर्स, प्रथम सेमेस्टर) को घोषित किया गया तथा अपूर्वा देवांगन (एमएससी, प्रथम सेमेस्टर) एवं लीशा जैन (बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन, प्रथम सेमेस्टर) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

मोर आवास मोर अधिकार के तहत घरजियाबथान में हुआ सम्मेलन

■ **सैंकड़ों ग्रामीण हुए सम्मेलन में शामिल, 17 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन**

पत्थलगांव/नवप्रदेश। मालूम हो कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से प्रदेश भर में करीब 8 लाख परिवारों को वंचित रखा गया है । केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लगभग 16 लाख आवास में से स्वीकृत करीब 12 लाख प्रधानमंत्री आवास को छत्तीसगढ़ सरकार ने रोक रखा है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार की उदासीनता के कारण हितग्राहियों के आवास अधूरे पड़े है। लोगों को किस्तों के लिए भटकना पड़ रहा है। आज गरीबों के लिए समस्या बनी हुई है कि उनका पक्का मकान में जीवन व्यतीत करने का सपना कैसे पूरा होगा। आज प्रदेश में हत्या, चोरी,भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक घटनाएं इतनी बढ़ गई है कि लोगों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। उक्त बातें रविवार को मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के दौरान पत्थलगांव के ग्राम घरजियाबथान में अभियान प्रभारी एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अंकित बंसल ने कही।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे डॉ बीएल भगत ने कहा कि आज प्रदेश भर में आलम यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से लाखों हितग्राहियों को वंचित रखा जा रहा है। जबकि प्रधानमंत्री द्वारा देश में लागू की गई योजनाओं में 60% अंशदान के रूप में हिस्सेदारी केंद्र सरकार और 40% राज्य सरकार को देना होता है। लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा लाखों हितग्राहियों के किस्त को वापस केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया। जिससे उनके आवास अधर पड़े है। जिससे आम जनता के विकास कार्यों में अंकुश लगा दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसी भी योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक तबके के लोगों तक पहुंचे जिसे व्यापक रूप प्रदान करने लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

वहीं वक्ता सुरेंद्र बेसरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है गांव से लेकर शहर तक लोगों के मकान पक्के हो। इस अभियान को लेकर कांग्रेस सरकार के कानों तक आवाज नहीं पहुंचती है तो आने वाले दिनों में भाजपाई एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है। यह मोर आवास मोर अधिकार अभियान को पंचायत स्तर पर चलाया जा रहा है ।जिसमे आवास से वंचित हितग्राहियों को बैठक में शामिल कर सूची तैयार करके आवेदन भरा जा रहा है। उन्हें आवास दिलाने आवाज बुलंद की जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की विफलताओं को भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओ द्वारा अनोखे ढंग से जनता के सामने रखा जाएगा। हाल यह है कि आज प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यों का लेखा जोखा कागजों और सड़कों किनारे लगे होर्डिंगो मात्र तक ही सीमित है।

युवा भाजपा में हुए शामिल

इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों और अधूरे पड़े आवास के हितग्राहियों की उपस्थिति में 17 ग्रामीण युवाओं को भाजपा में शामिल किया गया। जहां अतिथियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर पार्टी के लिए निरंतर जोश खरोश के साथ कार्य करने को कहा। भाजपा प्रवेश करने में ग्राम घरजियाबथान से विशेश्वर यादव,ठाकुर प्रसाद ,महेंद्र यादव,राजेंद्र बंछोर,वासु यादव, जयप्रकाश बड़ा,प्रेमसागर नाग,रामप्रसाद नाग,बिकेश यादव, बेदराम रजक, गब्रेल लकड़ा,रामप्रसाद यादव,आनंदराम चौहान,श्रीराम पैकरा,सीताराम यादव,लोकेश्वर यादव,हकीम खान शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पंचायत प्रभारी व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अंकित बंसल,जालंधर यादव,विदेश भगत,मनीष बेहरा,दिनेश यादव,राहुल भगत का विशेष योगदान रहा। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को भाजपा जिला मंत्री रेणु विश्वास व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष व कार्यक्रम की सह प्रभारी अंजू टोप्पो ने संबोधित किया।उक्त सम्मेलन में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री भुनेश्वरी बेहरा,शीला गुप्ता,पूनम मिश्रा,उर्मिला पटेल के साथ घरजियाबथान पंचायत के सैंकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल ने कहा कि पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों के सिर पर पक्की छत दिलाने के लिए उनको जागरूक कर फॉर्म भरवाया जा रहा है । कांग्रेस की इस उदासीनता की वजह से लाखों परिवार के स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की राशि नहीं मिल सकी जिससे इस योजना से गरीब तबके के लोग लाभ से वंचित है। उन्होंने सैंकड़ों उपस्थित ग्रामीणों को आने वाले चुनाव में आवाज सरकार को आइना दिखाना की बात कही।

फोटो प्रदर्शनी में राज्य सरकार की नीतियों, योजनाओं की लोगों को मिल रही जानकारी

■ **जिला स्तरीय विकास फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग द्वारा जांजगीर के भीमा तालाब परिसर में छत्तीसगढ़ सरकार की विगत चार वर्षो की उपलब्धियों पर आधारित विकास छायाचित्र प्रदर्शनी का नगर पालिका परिषद जांजगीर के अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, नैला कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष व्यास नारायण कश्यप, एल्डरमैन रफीक सिद्दीकी, मनोज अग्रवाल, दिनेश शर्मा, इंजीनियर रवि पांडेय,, देवेश सिंह, विवेक सिसोदिया, शिशिर द्विवेदी, संतोष शर्मा, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, एसडीएम कमलेश नंदिनी साहू सहित पार्षद, जनप्रतिनिधिगण एवं आम नागरिक उपस्थित थे। प्रदर्शनी शुभारंभ अवसर पर जनसपंर्क विभाग के सहायक संचालक जरीफ खान, सहायक जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति, सहायक सूचना अधिकारी आनंद दुबे ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय के संतोष कुमार साहू, शिवशंकर चौहान, अमित कुमार कश्यप, गोपाल दुबे, मनीष सूर्यवंशी भी उपस्थित थे।

वन वाटिका परिसर में मनाया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

रामानुजगंज/नव्रपेदश। वन विभाग के द्वारा वन वाटिका परिसर में स्थित वन धन विकास केंद्र में विधायक बृहस्पत सिंह, कलेक्टर विजय दयाराम के, डीएफ ओ विवेकानंद झा उप वन मंडल अधिकारी अशोक तिवारी के उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गौरव दिवस मनाया गया इस दौरान हाथी प्रभावित 6 परिवारों को मुआवजा वितरण वही वन अधिकार पट्टा के 8 हितग्राहियों को ऋ ण पुस्तिका का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष बेमिसाल रहे आज हर चेहरे पर सरकार के कार्यों से मुस्कान है पूरे भारत में छत्तीसगढ़ मात्र ऐसा प्रदेश है जहां चावल ?1 किलो सरकार देती है एवं धान ?26 40 पैसा रुपए किलो खरीदती है। क्षेत्र में पुल पुलिया सड़क के तो ऐतिहासिक कार्य हुए ही हैं वही शक्षा स्वास्थ्य के लिए विशेष कार्य हो रहे हैं। कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष गौरवशाली रहे है हर वर्ग एवं हर एक व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने विधायक के कार्यों की भी जमकर सराहना की उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों से रामानुजगंज विधानसभा में 60 करोड़ पुलिया के लिए स्वीकृत हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ वासियों के समृद्धि एवं विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। जिले का स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रदेश के टॉप 5 स्कूलों में सम्मिलित हुआ है। डीएफओ विवेकानंद झा ने कहा कि आज जिले के सभी गौठान, आवर्ती चढ़ाई में छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गौरव दिवस मनाया जा रहा है झा ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक को 25 सो रुपए मानक बोरा से 4000 मानक बोरा की राशि का भुगतान किया जा रहा है समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले लघु वनोपज की संख्या पहले 7 थी जो अब 65 हो गई है। वन विभाग के द्वारा जिले में नरवा संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। झा ने इस दौरान वन विभाग के कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं जिले में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन से विपक्ष का कांग्रेस पर हमला

■ **चार सालों में राज्य को कांग्रेस ने कर्ज का कटोरा बना दिया : विष्णुदेव साय**

सुकमा/नवप्रदेश। शनिवार को सुकमा जिला मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में भाजपा द्वारा भ्रष्टाचारी कांग्रेस हटाओ, छत्तीसगढ़ बचाओ का नारा लगाते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व सभा कार्यक्रम किया गया। भाजपा नेताओं द्वारा विगत चार वर्षों में कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार लूट हत्या को लेकर जमकर हल्लाबोल किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, सुधीर पांडे, जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, मनोज देव, अरुण सिंह भदौरिया, हूँगाराम मरकाम, सोयम मुका, संजय शुक्ला, दीपिका शोरी, महेंद्र भदौरिया, विश्वराज चौहान, संग्राम सिंह राणा, विवेक यादव, संजय सोढ़ी, पी विजय, सुभाष चतुर्वेदी, मड़कम भीमा, ऋषभ गुप्ता,समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आज कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में 4 साल हो गए जिनमे आदिवासियों का धर्मान्तरण कराया जा रहा। आदिवासियों की जमीन हड़पने का काम कांग्रेसी कर रहे हैं। पिछले 4 वर्षों में कांग्रेस ने 52 हजार से अधिक खरीद का कर्ज लिया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा से कर्ज का कटोरा बना दिया है।

कांग्रेस आदिवासी हितैषी होने का सिर्फ रचती है ढोंग

सभा के दौरान अपने भाषण में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष होने को है। जिसमे 55 वर्ष तक कांग्रेस ने राज किया। इन 55 वर्षों में कांग्रेस ने देश में अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति के साथ जनता को सिर्फलूटने का काम किया है। देश में जो भ्रष्टाचार हो रहे हैं, उसका जनक कांग्रेस है। आज सीएम हाउस के अधिकारी, चीप्स के अधिकारी 15 दिनों से जेल में है जो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।कहां की कांग्रेस को आदिवासियों की चिंता नही है। अगर होती तो 1 नवंबर 2000 से पूर्व ही छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया जाता। छत्तीसगढ़ राज्य अटल जी की देन है। भाजपा की सरकार आई उसके बाद ही आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया गया।

याचिका लगाने वालों को सरकार उपकृत कर रही

भाटापारा विधायक व बस्तर संभाग प्रभारी शिवरतन शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार में बस्तर से एक मात्र मंत्री बन जिसे आबकारी और उद्योग मंत्री बनाया गया। राज्य को सबसे ज्यादा आय इन्ही विभाग से मिलता है। जिसका पूरा मलाई मुख्यमंत्री खा जा रहे और छाछ कवासी लखमा को दे रहे। पिछले चार वर्षों में कवासी ने कोई भी बड़े विकासात्मक कार्य सुकमा के लिए स्वीकृत नही कराए हैं। जो कुछ भी विकास हुआ है वो भाजपा सरकार की देन है।

शराब घोटाले की होनी चाहिए जांच : संतोष

राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तबसे लगातार युवती, बच्चियों और तो और बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही। प्रदेश इन चार वर्ष माफियाओं, गुंडों और अपराधियों का गढ़ बन गया। सुकमा जिले के ढोन्डरा में खुलेआम जुआं से यहां के नेता पैसे कमाने का माध्यम बन लिए हैं। सुकमा जिले का रेत आंध्रप्रदेश में बेचकर यहां के कांग्रेसी नेता पैसे कमा रहे हैं। तेंदूपत्ता में करोड़ो की गड़बड़ी में क्यों मौन धारण किए हुए हैं मंत्री कवासी लखमा। सिलगेर गोलीकांड के पीड़ितों को आज तक सरकार ने मुआवजा नही दिया परन्तु लखीमपुर खीरी में छत्तीसगढ़ के लोगों के पैसों को चुनाव के लिए बहा कर आ गए।

बस-कार में भिड़ंत, पत्नी की मौत, पति-बेटा गंभीर

नगरी/नवप्रदेश। रविवार सुबह बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार 55 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गई। उनके पति एवं बेटे को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें नगरी जनपद अध्यक्ष ने मसीही चिकित्सालय धमतरी पहुंचाया। घटना पलवाड़ी (सिंगपुर) मार्ग की बताई जा रही है। रविवार सुबह 9.30 बजे धमतरी से नगरी की ओर आ रही बस क्रमांक सीजी 05 जे-1717 से कार सीजी 23 -2367 टकरा गई, जिससे कार में सवार 55 वर्षीय महिला मधु देवांगन की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि महिला के पति नेहरु देवांगन, एवं उनके पुत्र प्रशांत देवांगन को गंभीर चोटें आई है। उसी मार्ग से गुजर रहे जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा और सरपंच मुनईकेरा महेन्द्र नेताम ने घायल पिता - पुत्र को मसीही चिकित्सालय धमतरी में भर्ती करवाया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रूस ने तैनात की ...

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2018 में कहा था कि यह मिसाइल अजेय है. इसे दुनिया का कोई एंटी-मिसाइल सिस्टम मार नहीं सकता. रूस ने कहा है कि उन्होंने यूक्रेन पर 76 हमले किए हैं. जिनमें से अधिकतर को यूक्रेनी सेना और एयरफोर्स ने बेकार कर दिया. क्योंकि यूक्रेन को पश्चिमी देशों के हथियार मिले हैं. रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला किया था. तब से लगातार युद्ध चल रहा है. शुक्रवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने 40 मिसाइलें दागी लेकिन उनमें लगभग सभी मिसाइलों को यूक्रेन की सेना ने इंटरसेप्ट कर दिया. इसलिए रूस ने दुनिया की सबसे घातक मिसाइल को तैनात किया है.

मोदी पहले प्रधानमंत्री ...

संबंध और मजबूत हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कि अप्रैल 2020 में यह सब खत्म हो गया और एक नया अध्याय खुल गया। रमेश ने दावा किया,''(मौजूदा) प्रधानमंत्री ने उसे (चीन को) यह कहकर क्लीन चिट दे दिया कि 'कोई ना आया और ना ही कोई हमारे क्षेत्र के अंदर है।' इस क्लीन चिट के कारण सौदेबाजी करने के लिहाज से हमारा पक्ष कमजोर हो गया।''

पवन खेड़ा ने भी पीएम पर उठाए कई सवाल : प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी कहा कि प्रधानमंत्री चीन पर जवाब देने से इनकार करते हैं और चीन पर चर्चा नहीं चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी जब गुजरात का मुख्यमंत्री थे, तभी से चीन के साथ उनके नजदीकी संबंध हैं। खेड़ा ने आरोप लगाया कि देश में 'वीर सेना और कायर राजा' की कहानी जैसी स्थिति है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में भाजपा नेताओं ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के लिए चीन की यात्रा की थी।

एक्टर आशीष विद्यार्थी...

भटूरे रसमलाई का स्वाद चखा। आदि विद्यार्थियों फू ड ब्लॉगिंग करने पहुंचे हुए थे।

सपोर्टिंग रोल के लिए मिला था नेशनल अवॉर्ड : आशीष विद्यार्थी की पहली (रिलीज) हिंदी फि ल्म 'द्रोहकाल' थी। इसमें निभाए गए सपोर्टिंग रोल के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला था। फिल्म के डायरेक्टर गोविंद निहलानी थे। जब आशीष के नेशनल अवॉर्ड का अनाउंसमेंट हुआ तो गोविंद ने उनसे पार्टी करने के लिए कहा। आशीष ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने मुंबई के एक पॉपुलर चाइनीज रेस्त्रां में जाकर सिर्फ तीन सीट बुक कराई थीं।

चार सालों में एक ...

खाते में एक लाख 50 हजार करोड़ रुपए की बड़ी राशि भेजी है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। इस पैसे से गांवों में समृद्धि आई है। छत्तीसगढ़ के बाजार गुलजार हैं। छोटे कारोबारियों को धंधे में फायदा हुआ है। रविंद्र चौबे ने कहा, पिछली सरकार ने सारा पैसा इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया।

1.21 करोड़ की लागत से बना स्कूल भवन, विधायक ने किया उद्घाटन

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 1 करोड़ 21 लाख रुपए लागत से बने भवन का लोकार्पण विधायक बृहस्पत सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुराने हाईस्कूल भवन के जीर्णोद्धार की घोषणा की वही नए भवन के बाउंड्रीवॉल एवं सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं आज जहां पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले गए जहां गरीब के भी बच्चे पढ़ सकते हैं आज वही आवश्यकता के अनुसार महाविद्यालय भी खुल रहे हैं। आज आप सब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान नए भवन में जाने की खुशी को दर्शाती है। यहां का स्कूल क्षेत्र का सबसे पुराना स्कूल है जहां हमारी कई पीढ़ियां पढ़ चुकी है। आप सबके मंशा के अनुरूप यहां नए भवन की स्वीकृति प्रदान की गई थी जो अब बनकर आप लोगों के लिए समर्पित हो रही है। सिंह ने इस अवसर पर बाउंड्रीवाल एवं स्कूल के सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की वही पुराने स्कूल जीर्णोद्धार की भी घोषणा की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पार्षद अशोक जयसवाल ने भी संबोधित करते हुए सभी बच्चों को नए भवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य सुशील मिंज, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे, राजेश सोनी, रूपवती जैस्वाल, ज्ञानती गुप्ता कौशल जयसवाल, सनोज दास संतोष गुप्ता ज्वाला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। रामानुजगंज का शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 1934 से संचालित है जहां 1964 में भवन निर्माण हुआ था वहीं विधायक बृहस्पत सिंह के पहल पर नवीन भवन की सौगात छात्रों को मिली।

गर्भवती महिला को सीआरपीएफ व कोबरा जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिला के अति नक्सल प्रभावित ग्राम पोटकपल्ली में तीव्र प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीण एवं उनके पति ने सीआरपीएफ व कोबरा के अधिकारी से मदद मांगी। जिसके बाद तत्काल सहायता प्रदान करते हुए उक्त प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को भद्राचलम अस्पताल ले जाया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जहां अभी जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वही सीआरपीएफकी मदद के लिए पीड़िता के पति ने सीआरपीएफ का आभार व्यक्त किया। कहा कि सीआरपीएफके मदद मिलने से वे अपनी पत्नी को समय पर अस्पताल पहुंचे और सुरक्षित प्रसव संभव हो पाया। शनिवार को अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पोटकपल्ली में मानवता की एक अभूतपूर्व मिसाल सुरक्षा के जवानों से देखने को मिला है। पोटकपल्ली गांव में स्थित सुरक्षा बल कैंप में तैनात कोबरा 208, सीआरपीएफ 212 बटालियन तथा एसटीएफ के द्वारा एक प्रेरणादायी मानवतापूर्ण कार्य किया गया है। जिसके अंतर्गत शनिवार की सुबह पोटकपल्ली गांव के ग्रामीणों द्वारा सुरक्षाबल कैंप पोटकपल्ली में सूचना दी गई कि गांव की ही रहने वाली महिला वेट्टी माया पत्नी भीमाराम वेट्टी जो कि गर्भवती थी। जिसे सुबह ही तीव्र प्रसव पीड़ा प्रारम्भ हुई। इस परिस्थिति में महिला के पति सहित ग्रामीणों द्वारा तत्काल माया को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने और आपात स्थिति होने के कारण सहयोग की गुहार लगाई। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कैंप में उपस्थित कमांडेंट 208 कोबरा के दिशा निर्देशन में कैंप में उपस्थित 208 कोबरा के चिकित्सा अधिकारी राजेश पुट्टा एवं उप कमांडेंट राजेंद्र सिंह सहित एक मेडिकल टीम तत्काल ही आवश्यक चिकित्सकीय सहायता से लैस होकर पोटकपल्ली गांव में प्रसव पीड़ित महिला के घर पहुंची। चिकित्सा अधिकारी 208 कोबरा द्वारा महिला को तत्काल दवाओं के माध्यम से स्थिरता देने के पश्चात निकटतम अस्पताल में प्रसव करने की सलाह दी। जिस पर कोबरा 208 कमांडेंट जितेंद्र कुमार ओझा ने तत्काल ही उपमहानिरीक्षक रेंज कोंटा एसके राय को इस मामले में सूचित किया तथा उनके दिशा निर्देश पर तत्काल ही एक सिविल वाहन की व्यवस्था की एवं एक सुरक्षा दस्ते की निगरानी में सिविल वाहन में प्रसव पीड़ित महिला को भद्राचलम स्थित सिविल अस्पताल रेफर किया गया।

शासन की योजनाओं से सभी वर्गों को मिला लाभ : विधायक

रायगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'छत्तीसगढ़ गौरव दिवस' मनाया जा रहा है। जिले में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसे विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखकर निरंतर विकास कार्यों को गति दे रही है। शासन की नीति व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम जमीनी स्तर पर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी से लोगों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्य व उससे जुड़ी उपलब्धियों के बारे में जानकारी मिलेगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि राज्य शासन के चार वर्षो के सेवा, जतन, सरोकार और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना को जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में शासन की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग रायगढ़ द्वारा कलेक्टोरेट के बाहर परिसर में दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं व उपलब्धियों से जुड़ी छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी लोगों को मिल रही है। साथ ही जनसंपर्क विभाग की प्रकाशित पुस्तकें एवं ब्रोशर को नागरिकों को वितरित किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि आज से दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया गया है जिसमें प्रदेश की योजनाओं व उपलब्धियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही प्रदर्शनी देखने आने वाले लोगों को पत्रिका तथा ब्रोशर का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका के सभा कक्ष में 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया गया जिसमें सफ ाई कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुशमा दादु जायसवाल ने कहा कि सेवा, जतन, सुषासन की सरकार है छत्तीसगढ़ में, उन्होने आगे कहा कि डॉ. चरणदास के मार्गदर्शन में सक्ती नगर पालिका बहुत अच्छा कार्य किया है जिसके कारण नगर पालिका को इस वर्श स्वच्छता में चैथा स्थान प्राप्तम किया । नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल ने कहा कि आज गौरव दिवस मनाया जा रहा है और कांग्रेस सरकार किसानों को बोनस दिया जा रहा है और आने वाले दिनों में कांग्रेस सरकार निरंतर गरीबों एवं किसानों के हित में कार्य कर रही है । महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गीता देवांगन ने भी उद्बोधन दिया। सभी सफाई कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदीयों को उनके अच्छा कार्य के लिये छत्तीसढ़ गौरव दिवस के दिन टिफि न देकर सम्मानित किया।

न्यायालय तहसीलदार सारंगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.
अ-19(1) / वर्ष 2020-21
ग्राम सारंगढ़, प.ह.नं. 28
जारी दिनांक 05/12/2022
सुनवाई दिनांक 20/12/2022

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके द्वारा ग्राम सारंगढ़ प.ह.नं. 28 में आवेदक श्रीमती मकसुदा चौहान पति अघोरी, जाति गांड़ा, निवासी अंबडेकरनगर सारंगढ़ वार्ड क्र. 15, तहसील सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा नगपालिका सारंगढ़ के मोहल्ला सारंगढ़, प.ह.नं. 28 में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 1416/1/क से रकबा 783 वर्गफीट भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ-4-07/सात-1/2019 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 11 सितंबर 2019 के तहत नगरीय क्षेत्रों के 7500 वर्गफीट तक अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन तथा वार्षिक भू-भाटक के निर्धारण/वसूली की प्रक्रिया के तहत अतिक्रमित भूमि का 150 प्रतिशत की दर से प्रब्याजी राशि एवं 02 प्रतिशत के समतुल्य अतिरिक्त राशि जमा करने पर भूमिस्वामी हक में दर्ज करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देश के तहत आवेदक श्रीमती मकसुदा चौहान पति अघोरी, जाति गांड़ा, निवासी अंबेडकर नगर सारंगढ़ के द्वारा आवेदन पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में किसी प्रकार की आपत्ति तो नहीं है के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशन किये जाने हेतु प्रकरण वापस प्राप्त हुआ है।

मुहर

तहसीलदार
सारंगढ़

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

प्रशासन तुंहर द्वार शासकीय स्कूल सिकोला भाठा में शिविर आज

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत प्रशासन तुहर द्वार अभियान अंतर्गत 19 दिसम्बर सोमवार को शासकीय स्कूल सिकोला भाठा में पांच वार्डों के हितग्राहियो के लिए समस्यों निराकरण हेतु वार्ड-14, 15, 16, 17 एवं 18 के लिए के हितग्राही अपना समस्याओ का निराकरण शिविर में पहुँचकर आवेदन कर सकते है।वार्डों के हितग्राहियों के आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाएगा। आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी शिविर का वार्डों में आयोजन के लिए निर्देश दिए है।आयुक्त तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में साफ सफाई आने वाले हितग्राहियों के लिए जल व्यवस्थाओ के साथ साथ बैठने की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। मंगलवार 21 दिसम्बर को मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, आदित्य नगर में वार्ड 19, 20, 21 एवं 22, बुधवार 23 दिसम्बर को सिंधी धर्मशाला, स्टेशन रोड में वार्ड 23, 24, 25, 26 के लिए शिविर लगाया जाएगा। हितग्राही शिविर में पेयजल, आवास योजना, राशनकार्ड, सफाई सम्बंधित समस्या, अवैध निर्माण की शिकायत, सड़क बत्ती से संबंधित शिकायत अवैध निर्माण की शिकायत, गुमास्ता लाइसेंस, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

छात्रावास में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास दुर्ग में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आरएन वर्मा, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, विशेष अतिथि के तौर पर छात्रावास की निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं वार्ड की पार्षद महेश्वरी ठाकुर, आदिवासी विकास की सहायक आयुक्त प्रियंवदा रामटेके, विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक एस. के. मरकाम उपस्थित रहें। छात्रों के सर्व विकास व प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे प्रश्न मंच, वाद विवाद, गीत, रंगोली, चित्रकला तथा विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता जैसे शतरंज, कैरम, बैडमिंटन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.एन. वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली सरकार छात्रों के हित में शिक्षा के क्षेत्र में विकास की ओर तेजी गति से बढ़ रही है एवं छात्रों के हित में एक बेहतर प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार को आज 4 वर्ष सफलता पूर्ण होने पर छात्रों को छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरकार की हर योजना की जानकारी दी जैसे कि नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी, बिजली बिल हाफ किसानों का कर्जा माफ धान का बोनस इत्यादि। छात्रों की हौसला बढ़ाते हुए वर्मा ने छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ लिख कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने बच्चों को शेर कह कर हौसला बढ़ाया शिज्जस दिन से चला हूं बस मंजिल पर नजर है, इन आंखों ने कभी मिल का पत्थर नहीं देखा।ष् विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मान प्रदान किया गया साथ ही छात्रों को अपना जीवन सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्रावास अधीक्षक प्रफुल्ल मानिकपुरी अनीश रजा बृजमोहन तिवारी निखिल खिचरिया सनी साहू मोहसिन खान भी उपस्थित रहें।

जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग की संभागस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन दुर्ग शहर के राजेंद्र पार्क में हुआ। प्रदर्शनी में राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की उपलब्धि का जिक्र है। विधायक अरुण वोरा ने इसका शुभारंभ किया। विधायक ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने बीते चार सालों में ऐसी योजनाएं लाई हैं जिसके माध्यम से आम जनता के जीवन में बेहतरी आई है। उन्होंने बताया कि सोलह हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों को बीते चार सालों में न्याय योजनाओं के माध्यम से दी गई है। भूमिहीन किसान योजना के माध्यम से भूमहीन किसानों को भी राशि दी गई है। इंग्लिश मीडियम में बच्चे पढ़ सकें, इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल आरंभ किये गये हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से तेजी से औद्योगिक विकास हुआ है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ने वनोपज संग्राहकों के लिए भी बड़ा काम किया। 65 लघु वनोपजों की सरकार खरीदी कर रही है। इनके प्रसंस्करण के लिए केंद्र आरंभ किये गये हैं। यह बहुत अच्छा काम है। इस मौके पर प्रदर्शनी में शासन की उपलब्धियां भी वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाई गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, ज्वाइंट कलेक्टर गोकुल रावटे भी मौजूद रहे।

नौतनवा और गोंदिया-बरौनी का समय व रूट बदलने की उठी मांग

■ **छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ ने रेल यात्रियों की समस्या से अवगत कराया रेल मंत्री को**

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रेल यात्री सेवा संघ ने आम जनता को हो रही परेशानियों से रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को अवगत कराते हुए ज्ञापन भेजा है। संघ के पदाधिकारियों ने दुर्ग से इलाहाबाद-गोरखपुर रूट पर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के छूटने के समय और स्टापेज को लेकर भी मांग उठाई है। अपनी मांगों का ज्ञापन संघ की ओर भारतीय डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया है।

संघ की ओर कहा गया है कि कोरोना काल से लेकर अब तक रेलवे परिचालन पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है और मरम्मत के नाम पर ट्रेन रद्द कर दी जाती है, जिसका खामियाजा ऐसे यात्री भुगतते है जो पहले से योजना बना कर अपना रेलवे रिजर्वेशन करवा रखते हैं। इसके अलावा किसी आपात परिस्थिति में भी ट्रेन से यात्रा करने वाले बेहद परेशान हैं। फिर एक बार रविवार 18 दिसंबर को खबर मिली है कि देश भर में 294 ट्रेन रद्द कर दी गई है, जिससे यात्री हलाकान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ रेल यात्री सेवा संघ ने अपनी मांग में दुर्ग-गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस को दुर्ग से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे के मध्य चलाने की मांग की है, जिससे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में सूफी संत हजरत बाबा भोले शाह की दरगाह में जियारत के लिए सलेमपुर जाने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को दिन के वक्त वहां उतरने की सुविधा मिल सके।

क्योंकि सलेमपुर में रात के वक्त ट्रेन से उतरने के बाद परिवहन के साधनों की कमी है। संघ ने दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस का स्टॉपेज भिलाई पावर हाउस व सलेमपुर जंक्शन पर देने की मांग की है। इसके अलावा संघ ने गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन वाया मऊ-भटनी-सिवान रूट पर चलाने की मांग भी की है। जिससे उस मार्ग पर यात्रा करने वालों को सुविधा मिल सके।

रेल यात्री सेवा संघ ने छत्तीसगढ़ से बिहार व उत्तर प्रदेश की दिशा में जाने वाले यात्रियों की परेशानियों से रेल मंत्री को अवगत कराते हुए कहा है कि यूपी-बिहार जाने वाले यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। छत्तीसगढ़ में निवासरत यूपी-बिहार वासियों में ज्यादातर लोग सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस और नौतनवा एक्सप्रेस के लिए 3 महीने पहले से टिकट कटा कर रखते है लेकिन हाल के दो वर्षों से ऐसे यात्रियों को अचानक ट्रेन रद्द होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इनमें ज्यादातर गरीब अथवा मध्यम वर्ग के लोग हैं, जिनके पास हवाई यात्रा का विकल्प नहीं है। हाल के रवैये के चलते यात्रियों में भय बना रहता है कि रेलवे कब नया फरमान जारी कर दे? इसके अलावा छत्तीसगढ़ से अपने पुरखों अथवा दिवंगत परिजनों के नाम पर कर्मकांड के लिए गया, बनारस और इलाहाबाद जाने वाले लोगों को भी कई परेशानियां हो रही है। अचानक ट्रेन रद्द होने से अपने घर के कर्मकांड के लिए और अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने जाना मुश्किल हो गया है। इस तरह से लोगों में ऐसी तकलीफ शायद 70 सालों में देखने को ना मिली हो जो अब मिल रही है। रेल यात्री सेवा संघ ने रेलवे मंत्री से मांग की है कि उच्च कुलीन वर्ग के लिए भारी-भरकम किराए वाली नई ट्रेन चलाने के बजाए आम जनता की सभी एक्सप्रेस-सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन नियमित किया जाए। रेल मंत्री से उक्ताशय की मांग करने वालों में प्रभु नाथ मिश्रा, बहादुर अली, हरेंद्र प्रसाद साह,बाइ के सिंह ,प्रेम कुमार शर्मा ,वली मोहम्मद, हाजी ताहिर सिद्दीकी ,रमाशंकर यादव, नूर मोहम्मद सिद्दीकी, वकील मोहम्मद, सलीम ,तबारक हुसैन ,अजय प्रजापति, बीडी खान, डॉक्टर अहमद ,राजकुमार सिंह, आफताब हुसैन, नजमुल हसन सिद्दीकी ,परमानंद यादव, अदालत खान ,मोहम्मद शकील ,प्रमोद कुट्टी , सत्तार अहमद, राम संजय नायक, रामा शंकर, सुदामा ,मोहम्मद शोएब, अरुण शर्मा, व हाजी एम एच सिद्दीकी सहित अन्य शामिल हैं।

मनुष्य जीवन भोग लिए नहीं बल्कि मदद के लिए है : चिन्मयानंद बापू

■ **श्रीराम चौक दशहरा मैदान जोन -2 में श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का चौथा दिन**

भिलाई/नवप्रदेश। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन द्वारा श्रीराम चौक, जोन 2 खुर्सीपार में आयोजित श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन कथावाचक राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद स्वामी ने मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला। व्यासपीठ से उन्होंने मानव के तन एवं मन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को यह तन केवल भोग के लिए नहीं मिला बल्कि दूसरों की मदद के लिए भी इसकी उपयोगिता है। इसी प्रकार मन भी ज्ञान प्राप्त कर अपने विवेक से निर्णय लेने व सही और गलत में भेद करने के लिए है। श्रीराम कथा के चौथे दिन आज अतिथि के रूप में पाटेश्वर धाम के संत श्री श्री 1008 बाबा रामबालक दास जी महात्यागी, प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं भाजपा नेता सत्यनारायण अग्रवाल शामिल हुए।

इससे पहले सुबह कथा स्थल पर बने यज्ञ कुटिया में प्रतिदिन की तरह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ हुआ। सुबह से शुरू हुए इस महायज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वेद मंत्रों के साथ क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए यज्ञ वेदिका में आहुतियां समर्पित की गईं। यज्ञ के दौरान श्रद्धालु कुटिया के चारों ओर प्रदक्षना भी करते दिखे। श्रीराम कथा के साथ यहां प्रतिदिन धार्मिक रिति के अनुसार महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ के बाद दोपहर को कथा वाचक चिन्मयानंद बापू द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है।

ईश्वर की कृपा से मिला मानव शरीर

कथा को आगे बढ़ाते हुए चिन्मयानंद बापू ने बताया कि ईश्वर से कृपा से ही हम सभी को मानव शरीर प्राप्त होता है। जिस जीव के कान में भगवत मंत्र चला गया तो उसका उद्धार होना निश्चित है। उसे कहीं दर- दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। भगवान अपने सभी भक्तों का ख्याल रखते हैं। उन्होंने रामचरित मानस की ओर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामचरित मानस सुनने से चित्त पवित्र होता है और व्यक्ति भी व्यक्तित्व से विराट हो जाता है। रामचरित में भारत की आत्मा बसती है, क्योंकि हमारे वेद-ऋचाओं में ही दिव्य भारत के कल्पना की गई है। हमें यदि इस दिव्यता को धारण करना है तो सांस्कृतिक-वैदिक महल में जाकर खड़ा होना ही होगा।

गौठान में मनाया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

■ **कल्याणकारी योजना हर वर्ग के लिए : जितेन्द्र**

रिसाली/नवप्रदेश। राज्य सरकार के 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस नेवई गोठान में मनाया गया। शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जनप्रतिनिधि व अधिकारी एकजुट हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू के अलावा महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर विशेषरूप से उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही संस्कृति को विश्व पटल पर रखा है। आज जितने भी कल्याणकारी योजनाएं है उसमें किसान से लेकर युवा वर्ग सीधे तौर पर जुड़ा है। प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं है। उन्होंने कहा कि गोठान के माध्यम से आज महिलाएं अपने पैरों में खड़ी हो रही है। वहीं निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने निगम में दी जाने वाली सेवाओं को विस्तार से रखा। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, सनीर साहू, परमेश्वर, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंदभाऊ, पार्षद व एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को सुना

गोठान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुनने सैकड़ों लोग एकत्र हुए थे। गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तहत किए गए कार्यों और प्रयासों को विस्तार से बताया। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण सुनने की व्यवस्था नेवई गोठान में की गई थी।

महिलाओं ने लगाया स्टॉल

नेवई गोठान में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने प्रदर्शनी लगाई थी। खाने पीने के स्टॉल के अलावा हाथ से तैयार कलाकृति की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्यअतिथि के अलावा महापौर व परिषद के सदस्यों ने किया।

डायरिया प्रभावित क्षेत्र खुर्सीपार के 115 घरों का मितानिनों ने भ्रमण कर वितरित की दवाइयां

दुर्ग/नवप्रदेश। 15 एवं 16 दिसंबर 2022 को खुर्सीपार क्षेत्र के शिवाजी नगर, जिला दुर्ग में डायरिया (उल्टी, दस्त) की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सतीश कुमार मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी दुर्ग एवं रीतिका सोनवानी जिला एपिडेमोलॉजिस्ट, स्थानीय कार्यालय, दुर्ग तथा शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, भिलाई, सेक्टर सुपरवाईजर एवं ए.एन.एम. मितानिन के द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 115 घरों का भ्रमण कर जानकारी ली गयी। जिसमें 04 नये उल्टी दस्त के मरीजों की पहचान कर दवा दी गयी एवं एक मरीज को सिविल अस्पताल, सुपेला में भर्ती कराया गया। 70 जिंक, 71 ओ.आर.एस. पैकेट, 700 क्लोरिन टेबलेट 20-मेट्रोनिडॉजाल का वितरण किया गया एवं लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी जानकारी जैसे पानी उबालकर ठंडा कर पीने, खाने के वस्तुएं ढंककर रखे, बासी भोजन न खायें, खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन एवं पानी से हाथ अवश्य धोने की सलाह दी गयी।

ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति, पेयजल से लेकर सिंचाई तक हजारों हितग्राही लाभान्वित

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति हुई है और चार सालों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर नवीनीकरण ऊर्जा का उपयोग हो रहा है। सोलर योजनाएं न केवल पेयजल और सिंचाई के लिए उपयोगी साबित हो रही है अपितु ग्रामीण क्षेत्रों को रौशन करने की दिशा में भी उपयोगी साबित हुई हैं। क्रेडा विभाग के अधिकारी टी आर ध्रुव ने बताया कि क्रेडा की योजनाएं बड़े पैमाने पर पूरे जिले में आरंभ की गई है। यह सुचारू रूप से चलती रहें, इसके लिए प्रभावी मानिटरिंग की जा रही है।

219 गांव अब हाईमास्ट लाइट से रौशन-पूरे जिले में 219 गांव हाईमास्ट लाइट से रौशन हो गये हैं। अब तक 695 सोलर हाईमास्ट लाइट लगाये गये हैं। इनके माध्यम से गांव के प्रमुख चौराहे रौशन हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से गांव के सार्वजनिक स्थलों में अपराध कम हो गये हैं। लोग देर शाम तक बैडमिंटन, वालीबाल जैसे खेल खेलते हैं। ग्रामीण वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लगने से अब गांवों में मानस गान बड़े स्तर पर हो रहे हैं। काफी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। रोशनी का एक पक्ष यह है कि इससे सब कुछ रोशन हो रहा है।

375 गांवों में सोलर ड्यूल पंप- क्रेडा ने 375 गांवों में सोलर ड्यूल पंप लगाया है। इनमें 696 नग पंप लगाये गये हैं। इनके माध्यम से 2436 यूनिट बिजली की बचत हो रही है। इससे ग्रामवासियों को बारह महीने पेयजल मिल रहा है। ध्रुव ने बताया कि इसकी निरंतर मानिटरिंग विभाग द्वारा की जा रही है और लोगों को सेवा प्रदाय की जा रही है। सौर सामुदायिक सिंचाई योजना के पांच कार्य आरंभ- सिंचाई के क्षेत्र में भी बढ़िया काम हुआ है। अभी पांच सौर सामुदायिक सिंचाई योजना आरंभ हो गई है और इसके माध्यम से पांच सौ से अधिक हितग्राहियों के खेतों में पानी पहुंचा है।

विजयी क्रीड़ा प्रतियोगियों को स्मिता बघेल ने किया पुरस्कृत

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 15 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के नव निर्मित बैडमिंटन कोर्ट स्थित गार्डन में स्थानीय महिला स्वसहायता समूह द्वारा आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुपुत्री स्मिता बघेल ने महिलाओं से आत्मीयता पूर्वक भेंट किया उनके साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई । स्मिता बघेल ने स्वसहायता समूह की महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपको अपने उत्पाद को विक्रय करने के लिए कोई कठिनाई नहीं होगी, इसके लिए सी जी मार्ट है जो आपके परिश्रम से बने उत्पादों को उचित मूल्य पर खरीदता है। कार्यक्रम का शुभारंभ रागनीत अरपा पैरी के धार से किया गया, उन्होंने नगर विकास के संबंध में

प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व के कारण कुम्हारी का विकास बहुत तीव्रता से हुआ है वे बधाई के पात्र हैं । विभिन्न खेलों के विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि स्मिता बघेल ने प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में शिवप्रिय रूप ने पुरस्कार जीता कुर्सी दौड़ मटका फोड़ महिलाओं के दूसरे रूप में रस्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया पुरस्कार स्वरूप स्मिता बघेल द्वारा उन्हें 2000 रुपए प्रदान किया गया व्यक्तिगत पुरस्कार के रूप में प्रत्येक विजेता को 500 सौ रुपए प्रदान किया । इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर उपाध्यक्ष के रवि कुमार वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओम नारायण वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत महिला पार्षद जानकी ध्रुव, नीतू रावते, लता खैरवार, ललिता किशोर सोनकर तथा महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफलता प्रदान की ।

सोसाइटी को आर्थिक समृद्धि दी बीएसपी कर्मियों ने : मिश्र

■ **रिटायर बीएसपी कर्मियों को दी ससम्मान विदाई**

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में माह नवंबर में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान सोसायटी के संचालक मंडल ने अपने इन वरिष्ठ सदस्यों के योगदान का स्मरण करते हुए माल्यार्पण से सभी का अभिनंदन किया तथा उनकी जमा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया। वहीं इन रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद किया तथा सोसाइटी से अपने संबंधों का विशेष रूप से उल्लेख किया। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व सोसायटी के पदाधिकारियों ने रिटायर हुए कर्मियों का सम्मान किया और उन्हें सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुड़ने के साथ ही हमारे यह सभी साथी अपनी सोसाइटी के सदस्य हो गए थे और करीब 35 से 38 साल की सेवा के दौरान इन्होंने न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र को नई ऊंचाइयां देने में अपना योगदान दिया बल्कि हमारी सोसाइटी को भी लगातार समृद्ध किया। इन रिटायर सदस्यों में अशोक कुमार वर्मा, पंचम सिंह, शत्रुघन लाल, खेदूराम, प्रभुदास बघेल, अशोक कुमार, डीके सिन्हा, एचके गायकवाड़, संतोष कुमार साहू, धन सिंह साहू, अनिल कुमार पटेल, राजेंद्र कुमार, प्रकाश रे, महेश सिंह, एस. रामबाबू, प्रकाश कुमार देवांगन, अरुण बसंत राव पुणे और देवराम ने सम्मान के लिए आभार जताया। रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद करते हुए कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के साथ-साथ कोआपरेटिव सोसाइटी सेक्टर-6 ने भी हमारे जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने उत्तर भारत में अपने पहले क्षेत्रीय स्टॉकयार्ड की घोषणा की

■ **हरियाणा के फारूक नगर में नया स्टॉकयार्ड उत्तर भारत के सात राज्यों में वाहनों की त्वरित डिलीवरी का वादा करके ग्राहकों को खुश करता है**

बैंगलोर। अपने ग्राहकों के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं तक आसान पहुंच को संभव करने के लिए ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन के अनुरूप टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हरियाणा के फारूकनगर में अपने पहले क्षेत्रीय स्टॉकयार्ड के उद्घाटन की घोषणा की।

पूरे क्षेत्र में एक पतला और कार्यकुशल वितरण नेटवर्क सुनिश्चित करते हुए यह स्टॉकयार्ड पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल और जम्मू और कश्मीर में डीलर्स के लिए डिलीवरी के समय को वर्तमान 6-8 दिनों से घटाकर अधिकतम दो दिन कर देगा। इस लिहाज से यह यह मौके की जगह पर है। टीकेएम की इस प्रगति से इस क्षेत्र के ग्राहकों को भी लाभ होगा। अब अपने पसंदीदा टोयोटा वाहनों तक उनकी पहुंच तेज होगी। क्षेत्रीय स्टॉकयार्ड कम से कम समय में डीलर्स को डिलीवरी सुनिश्चित करेगा। ऐसा इन राज्यों से इसकी निकटता और सभी टोयोटा वाहनों के विशाल स्टॉक की उपलब्धता से सुनिश्चित होगा।

पांच एकड़ में फैले इस स्टॉकयार्ड में 900 वाहनों की पार्किंग क्षमता है। 2020 में गुवाहाटी में अपना पहला क्षेत्रीय स्टॉकयार्ड शुरू करने के बाद टीकेएम के लिए यह दूसरा ऐसा स्टॉकयार्ड है। गुवाहाटी में क्षेत्रीय स्टॉकयार्ड होने से भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में डीलर्स और ग्राहकों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। इसके अलावा, फारूकनगर स्टॉकयार्ड रीति, लचीलापन, लागत में कमी और अधिक महत्वपूर्ण रूप से सीओ2 में कमी करने में सहायता करेगा, क्योंकि टीकेएम प्लांट से स्टॉकयार्ड अधिकतम डिस्पैच माल गाड़ी के जरिये किया जाएगा। इस समय टीकेएम का कुल 60त डिस्पैच मालगाड़ी से होता है। हमारा लक्ष्य प्रति माह 5,000 वाहन वितरित करने में सक्षम होने के साथ-साथ इसे 80% तक बढ़ाना है।

निगम मुख्यालय सहित, भिलाई के सभी वार्ड क्षेत्रों में मनाया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

■ **उपस्थित सभी को 4 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए, शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी**

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित सभी वार्ड क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। आज 17 दिसंबर शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण हो गए है। इसको देखते हुए भिलाई में गौरव दिवस मनाया गया। सभी वार्ड क्षेत्रों में गौरव दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, एमआईसी मेंबर, पार्षद एवं वार्ड क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश दिया गया जिसके प्रसारण की व्यवस्था सभी वार्डों में की गई थी, इसके साथ ही निगम के मुख्य कार्यालय में भी इसकी व्यवस्था की गई थी। निगम मुख्य कार्यालय में निगमायुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, प्रभारी भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे तथा नागरिक गण मौजूद रहे। गौरव दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूरे हो चुके हैं, सरकार ने इस 4 वर्ष में जनता को ध्यान में रखते हुए, हर क्षेत्र के विकास करने के साथ ही लोगो की अपेक्षाओं एवं आशाओं के मुताबिक सभी कार्य किए हैं। इसको लेकर आज गौरव दिवस पूरे राज्य में मनाया जा रहा है, क्योंकि सरकार के कामकाज को लेकर छत्तीसगढ़ की जनता में एक अभूतपूर्व उत्साह है। भिलाई निगम के सभी वार्ड क्षेत्रों में जहां कार्यक्रम आयोजित थे वहां पर शासकीय योजनाओं के बैनर, पोस्टर, संदेश प्रसारण की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा उपाय आदि व्यवस्था की गई थी। शहरी गौठान में भी गौरव दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण, पशुपालक, जनप्रतिनिधि, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य तथा स्थानीय रहवासी मौजूद रहे। गौठान में सभापति गिरवर बंटी साहू तथा मुकेश चंद्राकर ने भी शिरकत की। इस दौरान उपस्थित सभी को शासन की 4 वर्षों की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

छत्तीसगढ़ की मितान योजना- बस एक कॉल करें और बनवाएं अपना पैन कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। अमूमन सरकारी कागजात बनवाने में लोगों के पसीने छूट जाते है। सरकारी दफ्तरों में कई बार चक्कर काटने के बाद भी काम पूरा हो जाए तो गनीमत है। इस तरह की परेशानी का सामना कर रहे लोगों को अब और चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसा इसलिए कि लोगों को इस परेशानी से राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत की है। इस योजना से घर बैठे जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जैसे सुविधाओं का लाभ उठा सकते है, लेकिन अब राज्य के 14 नगर निगमों में घर बैठे पैन कार्ड भी बन जाएगा। इसका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार के 4 साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए अब घर बैठे पेन कार्ड की सुविधा शुरू की है। इसलिए, अब आपको कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं। बस फोन घुमाइए और पेन कार्ड पाइए। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर फोन करना होगा। फिर आपके घर मितान आएगा और आपका पैन कार्ड बनवा देगा और आपका पैन कार्ड घर भी छोड़ने आएगा।

ये है मितान योजना : छत्तीसगढ़ में मितान ऐसी दोस्ती को कहते हैं जिसमें दो लड़के या लड़कियों के बीच दोस्ती को पारिवारिक कार्यक्रम के जरिए तय किया जाता है। आम लोग इसे मितान बदना कहते है। चाहे कोई भी समस्या हो मितान एक दूसरे की सहायता करते है। इसी तर्ज पर आधारित मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत इसी साल 1 मई को हुई थी। इस योजना के टोल फ्री नम्बर-14545 पर कॉल कर प्रमाण पत्र बनवाया जा सकता है। प्रक्रिया की बात करें तो आवेदक के कॉल करने के बाद आवेदक की सहायता के लिए मितान घर तक पहुंचते हैं और जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने के बाद तैयार प्रमाण पत्र आवेदक को घर तक पहुंचा देता है। इसके लिए आवेदन शुल्क के लिए केवल पचास रुपए नकउ या ऑनलाइन जमा की जा सकती है।

घर बैठे बनवाएं ये सारे प्रमाण पत्र

बता दें कि इस योजना के तहत नागरिकों को मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज़ की नकल गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति), मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, 5 साल के बच्चे का आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र सुधार, मृत्यु प्रमाणपत्र सुधार, विवाह प्रमाणपत्र सुधार नागरिक सेवाएं घर बैठे मिल रही है।

थाना प्रभारी पर युवक ने लगाया मारपीट का आरोप, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

- **मामला पहुंचा एसपी तक, टीआई की दलील- आरोप लगाने वाला है सट्टा खाईवाल, आरोप बेबुनियाद**

बालोद/नवप्रदेश। एक बार फिर बालोद जिले में खाकी पर उंगली उठी है। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है ये अभी जांच का विषय है। क्योंकि मामला गंभीर है। आरोप सच है या झूठ यह जांच में साबित तो होगी। पर जिस तरह के आरोप लगे हैं उससे पुलिस प्रशासन की छवि पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। मामला सुरेगांव थाना का है। प्रभारी अमित तिवारी पर एक युवक ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही उससे एक लाख रुपए की डिमांड का भी आरोप लगाया गए हैं। वहीं इस आरोपों पर थाना प्रभारी अमित तिवारी ने कहा है कि आरोप लगाने वाले व्यक्ति सट्टा खाईवाल है और हमने कार्यवाही की थी तो झूठा आरोप लगाकर पुलिस को बदनाम किया जा रहा है।

आवेदन में इस तरह के आरोप

आरोप लगाया गया है कि सुरेगांव पुलिस ने मांगी गई रकम नहीं देने पर थाना में ग्राम सुरसुली के टुमनलाल साहू को बेदम पीटा है। उसके पास रखे 8700 रूपये लूट लिए एवं उसे शराब एवं गांजा के केस में जेल भेजने की धमकी दी। केस नहीं बनाने के लिए एक लाख की मांग तथा राशि देना कबूला तब उसे थाने से जाने दिया गया। पुलिस कर्मियो ने युवक को इतना पीटा कि उसे गंभीर हालत मे अस्पताल मे भर्ती करना पड़ा। अस्पताल मे युवक जीवन मौत के बीच सघर्ष कर रहा है। युवक एवं उनके परिजनों को उस पर जानलेवा हमले की आशंका है। इधर कहा जा रहा है कि पीड़ित की हालत बेहद चिन्ताजनक है। उसका भिलाई के एक निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा है। 15 दिसंबर को की गई मारपीट एवं पुलिस कर्मियो द्वारा दी गई कथित धमकी के बाद से युवक एवं उसके परिजन घबराएं हुएं है, वह सारी रात दर्द एवं भय के कारण नहीं सो सका है। युवक का ईलाज कर रहे डॉक्टरो ने बताया कि युवक के शरीर के पीछे हिस्से में जख्म के निशान है एवं उसे अंदरूनी चोट भी लगी है, युवक की स्थिति नाजूक है।

थाना प्रभारी ने आरोपों को किया खारिज

इन आरोपों पर जब हमने थाना प्रभारी सुरेगांव अमित तिवारी से बात की तो उन्होंने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना कि हमने किसी तरह से मारपीट नहीं की है। आरोप लगाने वाला कहां से कहानी गढ़ रहा है यह वही जाने। हमने उसे थाने बुलाया था क्योंकि उस दिन हमने एक सट्टे के केस में कार्रवाई की थी। जिसमें आरोप लगाने वाला व्यक्ति ही जमानतदार था। जमानत के बाद उसे छोड़ दिया गया था। उसने दो तरह का आवेदन बनाया है। जिसमें वह अपने मालिक को सट्टा लिखने वाला बता कर सट्टा लिखने के बदले पुलिस द्वारा पैसे की मांग करने का जिक्र किया है। दूसरे आवेदन में वह बता रहा है कि उसका मालिक ठेकेदार है और वह जेसीबी चलाता है। जिसके एवज में पैसे की डिमांड की जा रही थी। इससे पता चलता है कि पुलिस को बदनाम किया जा रहा है। विभागीय जांच के लिए मैं तैयार हूं। मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। आरोप लगाने वाला देवरी क्षेत्र में सट्टा का बड़ा खाईवाल है।

एसपी के नाम से दो-दो आवेदन

सोशल मीडिया पर प्रार्थी के द्वारा एसपी के नाम से दिए गए आवेदन भी वायरल हुए हैं.। जो संदेहजनक है। शनिवार को सामने आए आवेदन में प्रार्थी ने अपनी पीड़ा बताते हुए लिखा है कि वह एक ठेकेदार के अधीन जेसीबी चलाने का कार्य करता है और ठेकेदारी कार्यक्षेत्र इलाके में चलने की एवज में पुलिस द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। तो वहीं उसी के नाम से ही दूसरे आवेदन जिसमें उसका हस्ताक्षर नहीं है, मैं यह जिक्र किया गया है कि उसका मालिक सट्टा लिखता है और सट्टा लिखने के एवज में पुलिस ने पैसे की मांग की थी। दोनों आवेदन एक दूसरे के विरोधाभासी हैं। ऐसे में मामला संदेहास्प्द है। आखिर सच्चाई क्या है। प्रार्थी द्वारा शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच भी की जा रही है।

टीआई ने रुपए लाने के लिए बनाया दबाव

टुमनलाल साहू ने लिखित बयान मे बताया है कि वह ठेकेदार के पास काम करता है, सुरेगांव थाना प्रभारी अमित तिवारी ने ठेकेदारी व जेसीबी चलाने के काम करने के बदले ठेकेदार से दो माह की बकाया राशि की मांग की। युवक ने बताया कि मेरे बार बार मना करने के बाद भी थाना प्रभारी मुझपर रूपये लाने का दबाव बना रहा था, मैंने असमर्थता व्यक्त की तो थाना प्रभारी एवं उनके अन्य पुलिस कर्मियो ने मुझे बहुत मारा। पुलिस वालो ने मुझे एवं मै जिसके पास काम करता हूं उसे भी शराब एवं गांजा के मामलों मे फंसाने की धमकी दी एवं पुलिस कर्मियो को दोनों के लिए 4 पेटी शराब एवं गांजा की व्यवस्था करने कहा। जिससे मैं बेहद डर गया एवं एक लाख देने को तैयार हो गया।

अनाधिकृत विकास के तहत एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन की होगी जांच

- **अवैध निर्माण का भी होगा सर्वे, निर्माणाधीन बिल्डिंग के परमिशन की होगी जांच**

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज राजस्व से जुड़े हुए आला अधिकारियों की बैठक ली। राजस्व को बढ़ाने पर विशेष फोकस रहा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्वविवरणी की रेंडम जांच राजस्व विभाग के अधिकारी करें, ताकि यह पता चल सके कि जो स्वविवरणी करदाता दे रहे हैं वह सही है कि नहीं यदि गलत पाया जाता है तो अंतर की राशि का 5 गुना पेनाल्टी के साथ ही, आने वाले समय से बढ़ा हुआ टैक्स भी लिया जाएगा। अनाधिकृत विकास के दायरे में आने वाले जिसमे बिना परमिशन के भवन निर्माण करने वाले तथा एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन का भी सर्वे होगा तथा अवैध निर्माण की भी जांच होगी इसके साथ ही भवन अनुज्ञा किस प्रयोजन के लिए जारी किया गया है इसकी भी जांच होगी। यदि आवासीय प्रयोजन के लिए भवन अनुज्ञा दिया गया है तथा इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है तो इसकी भी जांच होगी। निगम का पानी उपयोग करने के बाद भी जलकर नहीं पटाने वालों का भी सर्वे होगा। इन सभी पर सर्वे उपरांत नियम विरुद्ध होने पर तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा तथा विधि संगत सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इन सभी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ इस कार्य को करेंगे। अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के साथ ही अवैध कॉलोनी के नियमितीकरण की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में आर्किटेक्ट को कहा गया कि इन कार्यों में विलंब न करे, जो कार्य आर्किटेक्ट को किए जाने हैं वह कार्य समय पर पूर्ण दस्तावेजों के साथ हो ताकि प्रोसेस में अवरोध न हो। कुर्की वारंट जारी होने के बाद भी बकायेदारों के द्वारा बकाया राशि नहीं देने पर सीधे सील बंदी की कार्यवाही की जाएगी तथा संपत्ति कुर्क करके राशि की वसूली की जाएगी। बैठक में सभी जोन के राजस्व वसूली की बारी-बारी से समीक्षा की गई। निर्यात कर, जलकर, यूजर चार्ज, दुकानों से प्राप्त होने वाले आय, समेकितकर, शिक्षा उपकर, यूनीपोल एवं होर्डिंग से आय की समीक्षा गहन रूप से हुई। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, खिरोद्र भोई, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जल कार्य विभाग के अभियंता संजय शर्मा, राजस्व विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, वास्तुविद, स्पैरो के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने बांधा समां, हजारों की तादात में उमड़ी भीड़

- **विधायक चंद्राकर के चार साल के सफल कार्यकाल पर सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन**

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के चार साल के सफल कार्यकाल पूरा होने पर विनोद चंद्राकर फैंस क्लब द्वारा आयोजित सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम ने समां बांध दिया। वहीं संबलपुरी सुपरस्टार रूकू सोना की प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देररात तक संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सहित लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। शनिवार को शहर के हाई स्कूल मैदान में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनाल चंद्राकर के चार साल के सफल कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर व संबलपुरी सुपरस्टार रूकू सोना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। जय हो, जय हो छत्तीसगढ़ मैया गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

विधायक के कार्यकाल को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया

इसके बाद संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के चार सालों में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि आज छग में कांग्रेस की सरकार बने चार साल हो गए। इन चार सालों में क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया है। क्षेत्र के विकास में हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल ने कोई कमी नहीं की बल्कि हर मांगों को गंभीरता से लिया और इसके लिए स्वीकृति दिलाई। भूपेश सरकार ने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त किया है।

क्षेत्र का हो रहा चहुंमुखी विकास

चंद्राकर ने कहा विकास कार्यों को पूरा कराने के साथ ही जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। डेढ़ सौ सीट के साथ कॉलेज में अध्यापन शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज महासमुंद के लिए बड़ी उपलब्धि है। बहुप्रतिक्षित महासमुंद-तुमगांव ओवर ब्रिज की सौगात मिलने से आवाजाही में जनता को सहुलियत मिल रही है। चार साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य, शिक्षा व सिंचाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की दिशा में बेहतर प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, कांग्रेस के जिला महामंत्री संजय शर्मा, चमन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, विनोद चंद्राकर फैंस क्लब के बबलू हरपाल, दीपक ठाकुर, सूरज नायक, बबलू महानंद, अजय थवाईत, रिंकू चंद्राकर सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

शासकीय भवनों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए विशेष प्लान होगा तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासकीय भवनों जैसे कलेक्टोरेट, अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, चौकी जहां शासकीय काम के चलते बड़ी संख्या में लोगों का आना होता है, उनके मरम्मत व रख-रखाव को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा है।

संभागों में खुलेंगे अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लिए नए प्रयास विद्यालय और छात्रावास

- **राजधानी के पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पेंशन बाड़ा में 50 लाख की लागत से तैयार की जायएगी ई-लाईब्रेरी**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरू बाबा घासीदास की जयंती पर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राजधानी रायपुर आयोजित कार्यक्रम में सभी संभागीय मुख्यालयों में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रयास विद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने इन वर्गों के लिए पृथक-पृथक छात्रावास तथा नगर निगम रायपुर द्वारा पेंशन बाड़ा स्थित अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में 50 लाख रूपए की लागत से ई-लाईब्रेरी प्रारंभ करने की घोषणा की। सीएम ने शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पेंशनबाड़ा में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जंयती समारोह में कहा कि गुरुघासीदास जी एक ऐसे संत थे जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास जी एकमात्र संत हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में उपदेश दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा बोली को आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कौन व्यक्ति, कहां, किस धर्म में, किस स्थान में जन्म लेगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अच्छी शिक्षा से व्यक्तित्व को निखार सकते है और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ सरकार भी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में बंद 260 स्कूल हमने पुनः शुरू किया है। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसलिए 279 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। हमारी सरकार ने बड़ी संख्या में 1998 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती की है। उन्होंने कहा प्रदेश के शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों के कायाकल्प के लिए एक हजार करोड़ रूपए स्वीकृत किया है।